नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



पेज -3 पर

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 188 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, रविवार 15 मई 2022

10 वीं-12वीं का रिजल्ट आउट

कु.प्रियांशु पाठक ने लाहराया परचम



पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में बढ़ी जजों की संख्या



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में एक जज की संख्या और बढ़ गई है। केंद्र सरकार ने आखिरकार बार कोटे से सीनियर एडवोकेट सचिन सिंह राजपूत को जज नियुक्त किया है। सात माह पहले सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हाईकोर्ट जज बनाने की अनुशंसा की थी। इस संबंध में केंद्र सरकार ने आदेश जारी किया है। इस प्रकार हाईकोर्ट में जजों की संख्या बढ़कर 13 तक पहुंच गई है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जज के लिए करीब सात माह पहले दो नाम की स्वीकृति दी थी।

जिसमें से बार कोटे से सचिन सिंह राजपूत का नाम शामिल था। लेकिन उस समय बेंच कोटे से दीपक कुमार तिवारी के नाम का ही आदेश हुआ था। कॉलेजियम की एक सितंबर को हुई बैठक में दोनों नाम को अप्रूव किया गया था। राष्ट्रपति से आदेश जारी होने हुआ तब सचिन का नाम अटक गया था। केंद्र सरकार ने दीपक तिवारी की ही नियुक्ति की अधिसूचना जारी की थी। आखिरकार देर से ही सही केंद्र सरकार ने अब सचिन सिंह राजपूत के नाम पर भी मुहर लगा दी है।

## इस बार मानसून 10 दिन पहले:27 मई को ही केरल पहुंच जाएगा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के किसानों के राहत की खबर है। मौसम विज्ञान विभाग का अनुमान है कि इस बार मानसून जल्दी आएगा। मौसम विज्ञानियों ने बताया है कि मानसून 27 मई तक केरल तट पर पहुंच जाएंगे।

ऐसा हुआ और सब कुछ सामान्य रहा तो अगले 10 दिन में 7 जून तक छत्तीसगढ़ की धरती पर मानसून का आगमन होगा। मौसम विज्ञान विभाग ने बताया है, भारत में दक्षिण अंडमान सागर में शुरुआती मानसूनी बारिश का अनुभव होता है। इसके साथ ही मानसूनी हवाएं बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम की ओर आगे बढ़ती हैं। सामान्य रूप से दक्षिण-पश्चिम मानसून 22 मई



तक अंडमान सागर के ऊपर से आगे बढ़ता है। अभी बढ़ी हुई क्रास इक्वेटोरियल हवा की स्थिति दक्षिण अंडमान सागर, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के अनुकूल हो रही हैं। मौसम विभाग के गणितीय मॉडल के मुताबिक इस साल केरल में मानसून की शुरुआत सामान्य से कुछ पहले यानी 27 मई से होने जा रही है। इस मॉडल में चार दिन-आगे पीछे होने की गुंजाइश है। 2021 में मानसून 3 जून को केरल तट पर पहुंचा था।

छत्तीसगढ़ में मानसून की शुरुआत सामान्य तौर पर 15-16 जून से माना जाता है। केरल तट से बस्तर तक पहुंचने में मानसूनी सिस्टम को 12-13 दिनों का वक्त लगता है। पिछले साल यह 6 दिन पहले ही यानी 9-10 जून की रात में ही रायपुर तक पहुंच गया था। प्रदेश के आधे से अधिक हिस्सों में जोरदार बारिश के साथ मानसून की घोषणा हुई थी। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है, छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए समय से मानसून का आना और सामान्य रहना बड़ी राहत है। यहां खरीफ के फसलों का बड़ा रकबा बरसात पर ही निर्भर है। एक फसली इलाकों में यह बरसात अच्छी फसल की उम्मीद बढ़ाएगा।

### रायगढ़ के विद्यार्थियों का अभूतपूर्व प्रदर्शन

## 10 वीं और 12 वीं दोनों के स्टेट टॉपर रायगढ़ जिले से

### रायगढ़ की सुमन पटेल 10 वीं की परीक्षा में बनी स्टेट टॉपर, हासिल किए 98.67 फीसदी अंक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की मुख्य परीक्षा 2022 का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया है। जिसमें रायगढ़ जिले के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। इस वर्ष के परिणामों में 10 वीं और 12 वीं दोनों कक्षाओं की प्रावीण्य सूची में पहला स्थान रायगढ़ जिले की छात्राओं ने हासिल किया है। कक्षा दसवीं की मेरिट सूची में पहला स्थान रायगढ़ जिले की सुमन पटेल ने हासिल किया। वे 98.67 प्रतिशत अंक हासिल कर स्टेट टॉपर बनी। वे मोना मॉडर्न स्कूल बरमकेला की छात्रा है। इसी प्रकार आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकेण्डरी स्कूल पुसौर की छात्रा कुंती साव ने 98.20 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे राज्य में पहला स्थान पर रही। रायगढ़ जिले से 10वीं में 17 व 12वीं में 4 छात्रों सहित कुल 21 विद्यार्थियों ने मेरिट लिस्ट में जगह बनायी है।







12 वीं में रायगढ़ की कुंती साव ने हासिल किया प्रदेश में पहला स्थान, 98.20 प्रतिशत अंक के साथ किया टॉप

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने टॉपर्स को दी बधाई

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दसवीं में सुमन पटेल एवं बारहवीं में कुंती साव के टाप करने पर दोनों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को भी ढ़ेर सारी बधाई दी। साथ ही कहा कि जिन बच्चों को आशानुरूप परिणाम प्राप्त नहीं हुए है वे सीख लेते हुए आगे बढ़े और मेहनत करें। उन्होंने सभी की उज्जवल भविष्य की कामना की।

**स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम ने टॉपर्स को प्रेषित किया शुभकामना संदेश**

12वीं की स्टेट टॉपर कुंती साहू, दसवीं की स्टेट टॉपर सुमन पटेल और आत्मानंद स्कूल की स्टेट टॉपर मुस्कान अग्रवाल तीनों को स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम ने शुभकामना संदेश प्रेषित किया है। उन्होंने कहा कि रायगढ़ जिले के लिए बहुत ही गर्व का समय है, ऐसे समय में शिक्षा विभाग की पूरी टीम को हार्दिक बधाई तथा बच्चों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

### उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने दी बधाई

उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा में जिले के विद्यार्थियों की अभूतपूर्व सफलता पर सभी को बधाई दी है। उन्होंने अपने कक्षा दसवीं की टॉपर सुमन पटेल और 12वीं की टॉपर कुंती साव को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। साथ ही परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### कलेक्टर सिंह ने बच्चों को दी बधाई

कलेक्टर भीम सिंह ने सभी छात्रों को उनकी सफलता के लिए जिला प्रशासन की ओर से बहुत-बहुत बधाई व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने छात्रों के परिजनों तथा शिक्षा विभाग के पूरी टीम को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

### दसवीं की मेरिट लिस्ट में जिले के 17 विद्यार्थी, बालिकाओं ने मारी बाजी

जिले से 16 छात्राओं व 1 छात्र सहित कुल 17 विद्यार्थियों ने दसवीं की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाया है। जिनमें प्रथम-सुमन पटेल, बरमकेला 98.67 प्रतिशत, द्वितीय-मुस्कान अग्रवाल, रायगढ़ 98.17 प्रतिशत, पांचवें स्थान पर खीरमती राठिया नवापारा टेण्डा रायगढ़, नेहा तिवारी खरसिया, देवकी पटेल बंधापाली रायगढ़, रितु साव तमनार सहित 4 विद्यार्थी हैं सभी को 97.67 प्रतिशत अंक मिले हैं। छठवें स्थान पर नेहा प्रधान सरिया, विनीता सुपकर बरमकेला, अंजली नायक बंधापाली रायगढ़ व नूपुर पटनायक तमनार हैं जिन्हें 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। सातवें पायदान पर पायल डनसेना सोंडका व धर्मेंद्र पटेल बंधापाली हैं, इन्हें 97.33 प्रतिशत मार्क्स मिले हैं। आठवें क्रम पर नंदिनी यादव कांटाहरदी रायगढ़ और एकता रानी साहू बांसपाली तमनार हैं जिन्हें 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए है। 9 वें स्थान पर 97 प्रतिशत के अंक के साथ गढ़उमरिया रायगढ़ की ज्योति मेहर हैं। 10 वें स्थान पर कुसुम साव बरमकेला और मेघा श्रीवास्तव लोचन नगर रायगढ़ हैं, जिन्हें 96.83 प्रतिशत मार्क्स मिले हैं।

### 12वीं की मेरिट लिस्ट में जिले के 4 छात्र

12 वीं की प्रावीण्य सूची में रायगढ़ जिले के 4 विद्यार्थियों ने अपनी जगह बनायी। जहां पहले स्थान पर कुंती साव हैं। लिस्ट में अभिनव वी एम एच एस स्कूल पुसौर के शिवम साव ने 5 वां स्थान प्राप्त किया है। उन्हें 95.40 प्रतिशत अंक मिले हैं। इसी तरह प्रावीण्य सूची में आदर्श ग्राम्य भारती हायर सेकेण्डरी स्कूल पुसौर के छात्र एकांत प्रधान को 95 प्रतिशत अंक के साथ 6वां और नीति पांडेय को 94.60 प्रतिशत अंक के साथ 8 वां स्थान मिला है।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल लैलूंगा की मुस्कान को मिला प्रदेश में दूसरा स्थान

*आज घोषित कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणामों में स्वामी आत्मानंद स्कूल में अध्ययनरत बच्चों ने भी प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। लैलूंगा के स्वामी आत्मानंद स्कूल की कक्षा 10वीं की छात्रा मुस्कान अग्रवाल ने मेरिट लिस्ट में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्हें परीक्षा में 98.17 प्रतिशत अंक मिले हैं।*

चिंतन शिविर में हारे नेताओं की भी चिंता

## उदयपुर में कांग्रेस के बूथ पदाधिकारियों और चुनाव हार चुके नेताओं को भी महत्व देने का सुझाव

**रायपुर।** राजस्थान के उदयपुर में चल रहे कांग्रेस के चिंतन शिविर में संगठन के एप्रोच में बड़े बदलाव की भूमिका बन रही है। शनिवार को चर्चा के दौरान यह बात आई है कि संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को नेता बनाना होगा। वहीं सांसद और विधायक का चुनाव हार चुके नेताओं को भी तवज्जो देना होगा।

संगठन से जुड़े नेताओं ने आंकड़ों के साथ संगठन को मजबूत करने का प्लान दिया। बताया जा रहा है, एक पदाधिकारी ने कहा है पार्टी संगठन इसलिए बनाती है कि उसे चुनाव लड़ना है। इसके लिए बूथ से लेकर एआईसीसी तक का एक ढांचा है।



इस पूरी कड़ी को जमीन से मजबूत करने की जरूरत है। बूथ के पदाधिकारियों को पहचान देने की जरूरत है। सरकार में हैं तो उनकी पूछ-परख होनी चाहिए। संगठन को भी उसके साथ खड़े दिखना चाहिए। ऐसा हुआ तो वह पूरी ताकत के साथ आपको बूथ जीतकर देगा। ऐसे ही हार चुके नेताओं को लेकर है। देश भर में पांच हजार से अधिक विधानसभा सीटे हैं। अभी कांग्रेस के पास 750 विधायक हैं। शेष चार हजार लोग गुमनामी में हैं। उनको भी पहचान और सम्मान देने की जरूरत है। तभी वे संगठन के साथ लगकर अगली बार जीत के लिए मेहनत करने को तैयार होंगे।

## देश को लंका की राह पर मोदी सरकार ले जा रही - कांग्रेस

**रायपुर ।** देश को लंका की राह पर मोदी सरकार ले जा रही। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि अनर्थशास्त्र और वित्तीय कुप्रबंधन का सबसे बड़ा उदाहरण तो केंद्र की मोदी सरकार है जहां विगत 8 वर्षों में देश पर कुल कर्जा तीन गुना बढ़ा है। नोटबंदी और बिना तैयारी के आधे-अधूरे जीएसटी जैसे अव्यावहारिक फैसलों के चलते महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। केंद्र में हम दो और हमारे दो कि अधिनायकवादी सरकार चल रही है। मोदी सरकार में केवल चंद पूंजीपतियों के मुनाफे पर केंद्रित योजनाएं बनाई जा रही है। पूंजीपतियों के लाखों करोड़ के लोन राइट-ऑफ किए जा रहे हैं। केंद्र की सत्ता के संरक्षण में बैंकफ्रॉड बढ़ रहें हैं।

नेता प्रतिपक्ष का सरकार पर हमला

## कौशिक बोले- श्रीलंका की राह पर छत्तीसगढ़, 5100 करोड़ का कर्ज ले चुकी सरकार

**रायपुर।** नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने सरकार पर बड़ा हमला बोला है। कौशिक ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार भी श्रीलंका की राह पर है। 2021 में श्रीलंका पर विदेशी कर्ज 3500 करोड़ डॉलर था। 2022 में वह बढ़कर 5100 करोड़ डॉलर हो गया है। वह किश्तें तक चुकाने में नाकाम है। छत्तीसगढ़ की सरकार भी इतने ही दिनों में 5100 करोड़ रुपए का कर्ज ले चुकी है।

कौशिक ने कहा, प्रदेश की आय बढ़ाने को लेकर कोई काम नहीं किये जा रहे। जमीन पर विकास के काम ठप्प पड़े हैं। लोगों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। सरकार लगातार



कर्ज ले रही है। कौशिक का कहना था, कांग्रेस सरकार आज जो कर्ज ले रही है उससे प्रदेश का कोई उत्पादन नहीं बढ़ेगा। यह सरकार जारी रही तो छत्तीसगढ़ को कर्ज में डूबने से कोई नहीं बचा पाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा, सरकार हर जगह छत्तीसगढ़ मॉडल की बात कर रही है। असम में इस मॉडल की बात हुई, चुनाव हार गए। उत्तर प्रदेश में इस मॉडल का लागू करने का वादा किया, जनता ने सात से दो सीटों पर समेट दिया। यह मॉडल फेल हो चुका है। लोगों को भी अब इसकी हकीकत समझ में आने लगी है।

### चिंतन शिविर को बताया चिंता शिविर

कौशिक ने उदयपुर में चल रहे कांग्रेस के चिंतन शिविर को चिंता शिविर बताया। उन्होंने कहा, पूरे देश से कांग्रेस पार्टी खत्म हो रही है। उनकी चिंता अस्तित्व बचाने की है। सभी जगह कांग्रेस की स्थिति खराब है। ऐसे में वे अस्तित्व बचाने की चिंता कर रहे हैं।

## पेट्रोल पंप के पास लगी आग, बड़ा हादसा टला

**दुर्ग ।** दुर्ग जिले के भिलाई तीन थाना क्षेत्र स्थिंत भारत पेट्रोलियम के वेस्ट मटेरियल में आग गई। समय पर दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग बुझा दी अन्यथा आग पेट्रोल पंप तक पहुंच जाती और बड़ा हादसा हो सकता था। इस हादसें में किसी भी प्रकार के जान माल का नुकसान नही हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 10 बजे के करीब भिलाई तीन इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित भारत पेट्रोलियम के रखे वेस्ट मटेरियल में भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर कंट्रोल रूम से दमकल वाहन इंडस्ट्रियल एरिया के लिए रवाना हुए। इधर भिलाई तीन पुलिस भी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने पाया कि भारत पेट्रोलियम के रखे वेस्ट मटेरियल में भीषण आग लगी थी।

**अभिनंदन..** वन मंत्री का पटेल समाज ने किया अभिनंदन

## समाज की मजबूती के लिए एकजुटता जरूरी है - मंत्री अकबर

रायपुर। वन, परिवहन, आवास एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर से उनके राजधानी स्थित निवास कार्यालय में मरार (पटेल) समाज के कबीरधाम जिला इकाई के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य भेंट की।

प्रतिनिधि मंडल में पटेल समाज के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष श्री भगवान सिंह पटेल





कबीरधाम जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में मिला प्रतिनिधि मंडल

सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

कबीरधाम जिला अध्यक्ष श्री भगवान सिंह पटेल ने मंत्री श्री मोहम्मद अकबर द्वारा पटेल समाज के हित में किए जा रहे कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन किया। वन मंत्री ने श्री भगवान सिंह पटेल को जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वन मंत्री ने जिला अध्यक्ष को पटेल समाज की मजबूती के लिए समाज के सभी लोगों को साथ लेकर चलने कहा।

श्री मोहम्मद अकबर ने पटेल समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि पटेल समाज मेहनतकश समाज है, जो कि दिन-रात एक कर अपना पसीना बहाते हुए शाक-सब्जी व अन्य फसलों का उत्पादन करता है। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल के समक्ष अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि आज पटेल समाज राजनैतिक रूप से जागरूक समाज है। पटेल समाज के लोग आज छत्तीसगढ़ शासन के अलग-अलग इकाई में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

पटेल समाज के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह पटेल ने मंत्री श्री मोहम्मद अकबर को भरोसा दिलाया कि वे समाज के सभी लोगों को विश्वास में लेते हुए समाज के हित में सदैव सक्रिय रहेंगे। उन्होंने अपेक्षा की कि वे भविष्य में पटेल समाज को नई-नई सौगात देते रहेंगे। पटेल समाज के प्रतिनिधि मंडल में सर्वश्री हरि पटेल सदस्य छत्तीसगढ़ शाकंभरी बोर्ड, राजू पटेल जिला इकाई सचिव, तुलसी पटेल जिला प्रवक्ता, राम चरण कुसरो, कैलाश पटेल, रामअवतार पटेल, लेखराम पंचेश्वर, विश्वनाथ पटेल आदि शामिल थे।

12 वीं फेल हुआ तो दे दी जान

## रायपुर में स्टुडेंट ने छत से लगाई छलांग,डिप्रेशन से बचने के लिए जारी की गई हेल्पलाइन

**रायपुर।** रायपुर में 12वीं के एक स्टूडेंट ने खुदुकशी कर ली। शनिवार की दोपहर छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की तरफ से नतीजे जारी किए गए। मंडल की वेबसाइट पर रिजल्ट देखकर एक स्टूडेंट इस कदर सदमे में आ गया कि उसने अपनी जान दे दी। फेल हो जाने की वजह से स्टूडेंट ने ये कदम उठाया। मामला रायपुर के डंगनिया इलाके का है। सहस्त्रांशु पांडे 12वी का छात्र था। फेल होने की वजह से दुखी होकर सहस्त्रांशु पांडे ने अपने घर की छत से छलांग लगा दी। सिर के बल नीचे गिरते ही उसकी मौत हो गई। मोहल्ले के लोग





चिल्लाते हुए दौड़कर आए लोगों की भीड़ लग गई, घर में भी चीख पुकार मच गई। फौरन एंबुलेंस और पुलिस को खबर दी गई मगर इस स्टूडेंट की जान जा चुकी थी। डीडी नगर थाने की पुलिस ने इस मामले में छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों से भी इस मामले में पूछताछ की जा रही है।

### न हों कंफ्यूज करें इस नंबर पर फोन

रिजल्ट के बाद किसी भी बात से स्टूडेंट्स को परेशान नहीं होना है। उन्हें हर समस्या पर गाइडेंस देने के लिए सीजी बोर्ड की तरफ से हेल्पलाइन जारी की गई है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने एग्जाम से जुड़े कंफ्यूजन दूर करने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया था। इसमें विद्यार्थी, शिक्षक और पैरेंट्स सुबह 10.30 बजे शाम 5 बजे तक बात कर सकेंगे। टोल फ्री नम्बर 18002334363 जारी किया गया है।

# संघ समाज में केवल एक संगठन ही नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज है..!

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना को वर्ष 2025 में 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। 1925 में नागपुर में संघ स्थापना हुई थी। इसे इस वर्ष 2022 की विजयादशमी को 97 वर्ष पूर्ण होंगे। संघ का कार्य किसी की कृपा से नहीं, केवल संघ के कार्यकर्ताओं के परिश्रम, त्याग, बलिदान के आधार पर तथा समाज के लगातार बढ़ते समर्थन से और सर्वशक्तिमान श्रीपरमेश्वर के आशीर्वाद से सतत बढ़ता आ रहा है। अनेक विरोध, अवरोध और संकटों को पार कर संघ का व्यापकता, शक्ति और प्रभाव लगातार बढ़ता रहा है, इसलिए संघ की चर्चा भी सर्वत्र होती दिखती है।

संघ अपनी शताब्दी कैसे मनाएगा इसकी भी उत्सुकता लोगों में है। संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार की दृष्टि बहुत स्पष्ट थी कि संघ समाज में एक संगठन के नाते नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज का संगठन है। परिकल्पना की दृष्टि से संघ और हिन्दू समाज समव्याप्त है और मनोवैज्ञानिक दृष्टि से वह एकात्म है। इसलिए संघ की शताब्दी का उत्सव मनाने का विचार ही नहीं हो सकता है। संघ सम्पूर्ण समाज है। संघ की साधना को समाज व्यापी करना यही लक्ष्य होना चाहिए।

हमें संघ का रौप्य महोत्सव भी नहीं मनाना है। उस के पहले कार्य पूर्ण कर डालना है। इसी लगन से वे संघ कार्य को बढ़ाने में पूर्ण शक्ति के साथ जुट गए थे। अर्थात् उन्हें केवल 15 वर्ष मिले, इसलिए शताब्दी वर्ष के पूर्व संघ कार्य पूर्ण करना, यही शताब्दी मनाने का निहितार्थ हो सकता है। ꠰कार्यमग्नता जीवन हो और कार्यपूर्ति ही विश्रांति ऐसा एकसंघ गीत है।

## 100 साल की यात्रा के प्रमुख 04 पड़ाव

संघ कार्य की इस विस्तार यात्रा के चार प्रमुख पड़ाव रहे हैं। पहला पड़ाव संघ स्थापना से स्वाधीनता तक माना जाएगा। जिसमें एक चित्त से, एकाग्रता से केवल संगठन पर ही ध्यान केंद्रित था, क्योंकि हिन्दू समाज संगठित हो सकता है, कदम से कदम मिलाकर एक दिशा में एक साथ चल सकता है, एक मन से एक स्वर में भारत की, हिन्दुत्व की बात कर सकता, ऐसा विश्वास निर्माण करना आवश्यक था, इसीलिए इसी को केंद्र बिंदु बनाकर सारे कार्य चल रहे थे। स्वयंसेवक व्यक्तिगत स्तर पर उस समय चल रहे स्वाधीनता आंदोलन, समाज सुधार आदि आंदोलनों में भाग ले रहे थे, पर संघ संगठन के नाते पूरा ध्यान



साल 2025 और RSS के 100 साल

संगठन पर ही केंद्रित था।

हज़ार वर्षों के सतत् संघर्ष के उपरांत स्वाधीनता आंदोलन की प्रेरणा 'स्व' के आधार पर समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में समाज एवं राष्ट्र जीवन की दिशा खड़ी हो इस हेतु से शिक्षा, विद्यार्थी, राजनीती, मजदूर, वनवासी समाज, किसान आदि क्षेत्रों में भारत के शाश्वत् राष्ट्रीय विचार से प्रेरित विविध संगठन आरम्भ हुए।

संगठन का कार्य तो चल ही रहा था, परन्तु उसके साथ साथ सम्पूर्ण समाज जीवन को व्याप्त करने वाले अनेक जनसंगठन भी आरम्भ हुए।

## संघ का फैलता आकाश

आज संघ कार्य शाखा के रूप में 90त्न विकास खंडों तक पहुंचा है और 35 से भी अधिक जनसंगठन समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में सक्रिय हैं, प्रभावी भी हैं। संघ कार्य की विकास यात्रा का तीसरा पड़ाव डॉ. हेडगेवार जन्मशती के पश्चात् 1990 से शुरू हुआ। सम्पूर्ण समाज को आत्मीयता और प्रेम के आधार पर संगठित करना है तो समाज के वंचित, दुर्बल, पिछड़े और विकास की सुविधाओं के अभाव में जीने वाले अपने ही समाज के बांधवों तक पहुंचकर उनकी सहायता तथा सेवा करना अपना दायित्व मान कर उनके समग्र विकास के उद्देश्य से सेवा विभाग का (1990 में) आरम्भ हुआ।

उसी तरह राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति करने के लिए मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का घटक (स्वयंसेवक) बना हूं। ऐसी प्रतिज्ञा स्वयंसेवक करता है। यह सर्वांगीण उन्नति का कार्य केवल स्वयंसेवक करेंगे, यह संभव ही नहीं हैं। समाज में अनेक प्रभावी, अच्छे मन के लोग है जो समाज के लिए कुछ करना चाहते हैं, स्वयं कर भी रहे हैं। उनकी और उनके कार्य की जानकारी संघ को नहीं है और संघ की सही जानकारी, संघ का राष्ट्रीय विचार उन तक नहीं पहुंचा है। समाज के ऐसे प्रभावी लोगों की विशेषता, सक्रियता, उपलब्धि, समाज में योगदान आदि की जानकारी प्राप्त करना और संघ का विचार, कार्य आदि की जानकारी उन्हें देना, इस हेतु से संपर्क विभाग का कार्य 1994 से आरम्भ हुआ। संपर्क विभाग के माध्यम से नए सम्पर्कित व्यक्ति शायद संघ से नहीं भी जुड़ेंगे पर संघ स्वयंसेवक के नाते हम उनसे जुड़ें, परस्पर विचारों का, अनुभवों का, उपलब्धियों का आदान- प्रदान हो और समान रुचि के विषयों में हम मिलकर साथ कार्य कर सकें।आज संघ कार्य शाखा के रूप में 90त्न विकास खंडों तक पहुंचा है और 35 से भी अधिक जनसंगठन समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में सक्रिय हैं, प्रभावी भी हैं। 1967 में पहली बार मध्यप्रदेश और ओडिसा राज्यों में ईसाई कन्वर्जन को रोकने हेतु वहां की विधान सभा में बिल पारित हुआ था। तब केंद्र में तथा इन दोनों राज्यों में कांग्रेस की ही सरकार थी। उसके पश्चात साधारणतः भारतीय जनता पार्टी के शासन काल में ही विभिन्न राज्यों में कन्वर्जन को रोकने के लिए बिल पारित हुए। इसमें एकमात्र अपवाद हिमाचल प्रदेश का है। 2006 में श्री वीरभद्रसिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने कन्वर्जन के विरुद्ध बिल पारित किया था। अभी कुछ वर्ष पूर्व संघ के अधिकारी संपर्क विभाग के अंतर्गत श्री वीरभद्रसिंह जी से मिलने गए थे। तब उन्होंने ही, स्वयं हो कर, उनके ही कार्यकाल में कैसे यह कन्वर्ज़न विरोधी बिल पारित हुआ था, यह बताकर आगे कहा कि हिमाचल प्रदेश के बाहर भारत में कहीं पर भी कन्वर्जन को रोकने के लिए उनका उपयोग होता है तो वे साथ आ सकते हैं।

डॉ. मनमोहन वैद्य

## संपादकीय

### अभी सिर्फ पुनर्विचार है

भारत सरकार ने पहले सुप्रीम कोर्ट में राज द्रोह कानून की संवैधानिकता पर फिर से विचार के लिए दी गई याचिका का विरोध किया। उसने कहा कि भारत सरकार बनाम केदारनाथ सिंह मामले में सुप्रीम कोर्ट इस कानून की वैधता की पुष्टि कर चुका है। सरकार ने फिर यह सवाल उठाया कि जब संविधान पीठ इस मामले में फैसला दे चुकी है कि तीन जजों की खंडपीठ इस मुद्दे पर कैसे सुनवाई कर सकती है? मगर इसके कुछ दिन के अंतर पर ही सरकार का हृदय परिवर्तन हुआ- या कम से कम उसने यह संकेत देने की कोशिश की है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वह खुद ही इस कानून की प्रासंगिकता पर पुनर्विचार करेगी। इस बारे में सुप्रीम कोर्ट में बहस के दौरान सोलिसीटर जनरल ने कहा कि जो काम पंडित नेहरू नहीं कर पाए, वह वर्तमान सरकार करने जा रही है। इस कथन पर लोगों का आवाक रह जाना लाजिमी है। आखिर सरकार ने यह तो कहा नहीं है कि वह इस कानून को रद्द करने जा रही है। उसने सिर्फ इस पर पुनर्विचार की बात कही है। समाज के कई हलकों में इसे सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार को टालने की एक चाल के रूप में देखा है। आखिर यह कानून जिस थोक भाव से नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में लोगों पर लगाया गया, वैसा उसके पहले कभी नहीं हुआ था। एक रिपोर्ट के मुताबिक बीते आठ साल में 400 से अधिक से लोगों को इस कानून के तहत गिरफ्तार किया गया है। ऐसा करते हुए सुप्रीम कोर्ट की इस व्यवस्था का तनिक भी ख्याल नहीं रखा गया कि कोई विचार रखना या उससे संबंधित किताबें आदि रखना राज द्रोह नहीं है।

## एक-दूसरे पर निर्भर देश और वैश्विक कारोबार को प्रभावित करने वाले कारक

मैं भारत में रहता हूं, इसलिए डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट मेरे लिए कोई मायने नहीं रखती। यह मेरे एक दोस्त का तर्क है। पाम ऑयल के वैश्विक रूप से सबसे बड़े निर्यातक इंडोनेशिया ने कुछ महीने पहले निर्यात पर रोक लगा दी। आदर्श रूप में भारतीयों पर इसका प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए था, क्योंकि इंडोनेशिया की सरकार ने तेल की आंतरिक जरूरतों के प्रबंधन के लिए यह फैसला लिया था।

जिस तरह से पाम ऑयल और अन्य खाद्य तेलों के दामों में बढ़ोतरी हुई है, उसे देखते हुए मेरे दोस्त की पत्नी ने डॉलर को लेकर की गई उसकी टिप्पणी से असहमति जताई।

उसने अपने पति को याद दिलाया कि हमें आज जो महंगा पेट्रोल या डीजल लेना पड़ रहा है, उसका कारण कच्चे तेल के बढ़ते दाम हैं। सचमुच हम आज ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जो पूरी तरह से एक-दूसरे से जुड़ी हुई है और एक-दूसरे पर निर्भर है। एक देश में यदि सूखा पड़ता है या कहीं और अत्यधिक बारिश होती है, तो इससे वैश्विक कारोबार का तरीका बदल जाता है। आइए पहले यह समझें कि भारत आयात की तुलना में मूल्य के संदर्भ में वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात बहुत कम करता है। व्यापार की भाषा में इसका मतलब है कि अगर भारत 100 रुपये के सामान का निर्यात करता है, तो वह डेढ़ गुना या 150



गिरते रुपये का मतलब

भारत के पास डॉलर का पर्याप्त भंडार है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि चीजें बहुत अच्छी हैं। भारतीय रिजर्व बैंक रुपये की मजबूती के लिए कुछ कदम उठा सकता है, मगर ब्याज दरों में वृद्धि करने से मुद्रास्फीति में आई तेजी से वह पहले ही जूझ रहा है। सरकार गिरते रुपये को उठाने के लिए कुछ झटके दे सकती है, लेकिन इस समय वह ऐसा कुछ करेगी लगता नहीं, क्योंकि इसका प्रभाव व्यापार पर पड़ेगा।

रुपये के सामान का आयात करता है। वैश्विक व्यापार डॉलर में होता है, क्योंकि डॉलर एक शक्तिशाली मुद्रा है और वैश्विक स्तर पर अग्रणी मुद्रा के रूप में इसकी स्वीकृति है, जिसे अधिकांश देश अपनी मुद्रा के बरक्स स्वीकार करते हैं। ऐसे कई आर्थिक, राजनीतिक और विविध कारक होते हैं, जिनका प्रभाव वैश्विक कारोबार पर पड़ता है। महामारी और युद्ध इसे और जटिल बनाते हैं। भारत के पास डॉलर का समुचित भंडार था, लेकिन चार महीनों से डॉलर के निवेश का बहिर्प्रवाह बढ़ा है। इसमें वैश्विक निवेशकों द्वारा भारत में लगाया गया धन शामिल है, जो कि भारतीय बाजारों को अपने अनुकूल पा रहे हैं। रुपये के कमजोर होने से और डॉलर के मजबूत होने पर बाहर निकलने से उन्हें फायदा होता है, फिर बाहर निकलने की उनकी वजह चाहे कुछ भी हो सकती है। उदाहरण के लिए, अभी वैश्विक रूप से मुद्रास्फीति बढ़ रही है, जो कि संस्थागत निवेशकों सहित बड़ी संख्या में निवेशकों को अपनी नकद होल्डिंग बढ़ाने को मजबूर करती है, ताकि वे उच्च मुद्रास्फीति की चुनौती का सामना कर सकें।

एक अमेरिकी डॉलर 77.4 रुपये का हो गया है, यह संभवतः डॉलर के मुकाबले रुपये का सबसे न्यूनतम मूल्य है। इसके अलावा कच्चे तेल के बढ़ते दाम के साथ ही कच्चे माल की लागत भी बढ़ रही है, जिनमें इस्पात, इलेक्ट्रॉनिक्स, भारी मशीनरी और लॉजिस्टिक्स इत्यादि शामिल हैं। हम, कई अन्य देशों की तरह, रुपये के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने के कारण बढ़ती मुद्रास्फीति की चुनौती का सामना कर रहे हैं। यह कितना बुरा है? ईंधन के दाम बढ़ रहे हैं और ये अभी और बढ़ेंगे। इसलिए खुद को अगले कुछ महीनों की कड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करें। कच्चे तेल के बढ़ते दाम और कमजोर रुपये का मतलब है कि समान मात्रा के ईंधन के लिए आपको पहले से अधिक भुगतान करना होगा।

नारायण कृष्णमूर्ति


## मिला जुला

# लोक सेवा गारंटी अधिनियम को नायब तहसीलदार का ठेंगा

### विधि विरोधी टिप्पणी लेख पर कलेक्टर से शिकायत और कार्यवाही की मांग

**महासमुंद।** जिले में राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली किसी से छुपी नहीं है। अपने अनोखे कारनामों के लिए यह विभाग हमेशा चर्चित रहा है।

ताजा उदाहरण में नागरिक सेवा का मामला प्रकाश में आया है। जिसके अनुसार नागरिकों के सुविधा व सेवा के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 लागू करए सभी कार्यालयों में सेवा तथा कार्य दिवस बाबत सूचना फ्लक भी प्रदर्शित है। इसके तहत किस सेवा के लिएए कितने दिन में कार्य होना हैए उसका उल्लेख है। इसके लिये सक्षम अधिकारी व अपीलीय अधिकारी भी नामित है। प्रावधान के अनुसार प्रत्येक विलंब दिवस के लिएए 100 रु. प्रतिदिन के मान से जुर्माना वसूली कर आवेदक को दिला जाने का भी नियम है।





सामाजिक कार्यकर्ता व आर टी आई एक्टविस्ट पूर्व पार्षद पंकज साहू नेए ग्राम मुढ़ेना की भूमि के राजस्व प्रकरण नरेंद्र सिंह वगैरह विरुद्ध शासन के दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपि के लिए तहसील कार्यालय में 12 जनवरी 2022 को नकल आवेदन जमा किया था। जिसमें लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत 15 दिन का समय निर्धारित है। परंतु नायब तहसीलदार सूरज बंछोर के द्वारा जानबूझकर उक्त आवेदन को 05 माह तक लंबित रखा गया। जब आवेदक के द्वारा आवेदन का निराकरण करने के लिए कहा गया तो दिनांक 10ण05ण2022 को श्री बंछोर के द्वारा विधी विरुद्ध टिप्पणी लेख कर आवेदन को ही निरस्त कर दिया गया है। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक पंकज साहू के द्वारा आज 13 मई को जिला कलेक्टर को इसकी शिकायत कर नायब तहसीलदार के विरुद्ध लोक सेवा गारंटी के उल्लंघन के लिए कार्यवाही की मांग की गई है।

# मोबाइल में गेम खेलता देख पिता ने डॉट दिया, 24 घंटे बाद तालाब में मिली लाश परिजन सदमे में

जोहार छत्तीसगढ़- सूरजपुर।

24 घंटे से लापता किशोर की लाश शहर के बरेजपारा तालाब में मिलने से सनसनी फैल गई। किशोर गुरुवार की सुबह से लापता था। परिजन ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस किशोर की तलाश कर रही थी कि शुक्रवार सुबह तालाब में उसकी लाश मिली। पुलिस ने मामले को संदिग्ध मानते हुए घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम से जांच कराई। पुलिस ने शव को पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया है। आगे की कार्रवाई अब पुलिस पीएम रिपोर्ट के आधार पर करेगी। शहर के मोमिनपुरा निवासी मुजम्मिल हसन पिता मो. अयूब 17 वर्ष अक्सर मोबाइल पर व्यस्त रहता था। घर में रहकर मोबाइल पर तरह-तरह के गेम खेलता था। वह घर से बाहर काफी कम निकलता था। बुधवार की रात जब उसका पिता घर पहुंचा तो मुजम्मिल मोबाइल



देख रहा था। यह देख कर पिता ने नाराजगी व्यक्त की। उसने कहा कि हमेशा मोबाइल पर ही व्यस्त रहते हो। घर से बाहर भी निकला करो और लोगों से मिला जुला करो। इस बात को लेकर मुजम्मिल नाराज हो गया और रात का खाना भी नहीं खाया। दूसरे दिन गुरुवार की अल सुबह किशोर परिजन को बिना बताए घर से कहीं निकल गया। फिर वापस नहीं लौटा। पूरे दिन परिजन खोजते रहे। शाम तक जब उसका कहीं पता नहीं चला तो परिजन ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस धारा 363 कायम कर किशोर की तलाश कर रही थी। इसी बीच शुक्रवार की सुबह शहर के बरेजपारा तालाब में पानी के ऊपर वहां के लोगों ने लाश देखी। लोगों ने इसकी जानकारी डायल 112 को दी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंच कर शव को तालाब से बाहर निकलवाया। शव की पहचान मुजम्मिल हसन के रूप में की गई।

## एफएसएल की टीम ने की जांच

लापता किशोर की लाश मिलने की सूचना पर एएसपी विवेक शुक्ला, सीएसपी अखिलेश कौशिक व कोतवाली टीआई भारद्वाज सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। घटना को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने एफ एसएल एक्सपर्ट एसके सिंह से जांच कराई। फिलहाल पुलिस ने शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया है। पीएम रिपोर्ट के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## मृतक ने दी थी दसवीं बोर्ड की परीक्षा

मृतक मुजम्मिल हसन के पिता मछली फ्राई कर बेचने की दुकान है। मुजम्मिल ने इस वर्ष 10वीं की परीक्षा दी थी। संभवतः शनिवार को रिजल्ट भी आने वाला है। मृतक के पिता ने बताया कि मेरी किसी से कोई दुश्मनी भी नहीं है। मृतक के सिर व शरीर में हल्के चोट के निशान भी पाए गए हैं। इसलिए परिजन घटना को संदिग्ध मान रहे हैं।

# अवैध कोयला ट्रैक्टर में लेकर जा रहा था खपाने, 2 आरोपी गिरफ्तार

### ढाई टन कोयला सहित 2 गिरफ्तार, थाना रामानुजनगर पुलिस की कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़- सूरजपुर।

बीते दिन पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में शनिवार को रामानुजनगर पुलिस ने एक ट्रेक्टर में लोड़ 15 हजार रूपये कीमत के ढ़ाई टन कोयला जप्त कर 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कुडेली जिला कोरिया तरफ से एक ट्रेक्टर में अवैध कोयला लोड़ कर तिवरागुड़ी की ओर जा रहा है जिसकी सूचना पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू को अवगत कराया जो उन्होंने तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना रामानुजनगर की पुलिस ने तिवरागुड़ी तिराहा में ट्रेक्टर को घेराबंदी कर रोकवाया गया। जिसकी तलाशी लेने पर उसमें कोयला लोड़ पाया ड्राईवर जयलाल पिता शेषमणी सिंह उम्र 20 वर्ष एवं ट्रेक्टर मालिक देवेन्द्र साहू पिता ठाकुर प्रसाद साहू उम्र



30 वर्ष निवासी तिवरागुड़ी से कोयला खरीदी बिक्री का दस्तावेज मांगने पर कोई दस्तावेज पेश नहीं किया गया। ट्रेक्टर में लोड़ कोयला चोरी का होने की पूर्ण अंदेशा पर करीब ढ़ाई टन कोयला कीमत 15 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त ट्रेक्टर कीमत 3 लाख रूपये को जप्त कर धारा 41;1.4, जाफौ 379 भादस के तहत कार्यवाही करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में एसआई सुनीता भारद्वाज, एएसआई माधव सिंह, आरक्षक रामसागर साहू, धनंजय साहू, विश्वजीत सिंह, देवान सिंह, रूपदेव सिंह, वेदप्रकाश राजवाड़े, संतोष ठाकुर सक्रिय रहे।

## पाली पुलिस द्वारा की गई चलित थाना का आयोजन

**कोरबा** । पुलिस अधीक्षक श्री भोज राम पटेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री ईश्वर त्रिवेदी के मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में आने वाले सुदूर अंचल एवं देहात क्षेत्र में जाकर लोगों की समस्याओं को सुनकर मौके पर निराकरण करने वाली समस्याओं का निकाल करें इसी तारतम्य में थाना पाली क्षेत्र में थाना प्रभारी पाली अनिल पटेल के नेतृत्व में 15 मई 2022 को क्रमशः ग्राम लहरा पारा एवं करा नवापारा में चलित थाना शिविर का आयोजन किया गया।

श्रृंगार गौरी विवाद

# डीएम कमिश्नर की मौजूदगी में हुआ ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वे

**वाराणसी।** यूपी की धर्म नगरी वाराणसी के श्रृंगार गौरी मामले में आज ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वे हुआ. एडवोकेट कमिश्नर बदलने की मांग कोर्ट से खारिज होने के बाद सर्वे के पहले दिन एडवोकेट कमिश्नर ने मस्जिद के तहखाने में चार कमरों और पश्चिमी दीवार का सर्वे किया. सर्वे के दौरान एडवोकेट के सहायक, वादी और प्रतिवादी के साथ ही दोनों पक्षों के वकील भी मौजूद थे. सर्वे के बाद जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने वीडियो बयान जारी कर कहा है कि सर्वे के दौरान सभी पक्षों के प्रतिनिधि मौजूद थे. वादी और प्रतिवादी के साथ ही राज्य सरकार की ओर से जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर, विश्वनाथ मंदिर न्यास के प्रतिनिधि भी सर्वे के दौरान मौजूद रहे. उन्होंने कहा कि ये जानकारी नहीं दी जा सकती है कि किन-किन स्थानों का सर्वे हुआ और वहां क्या-क्या मिला। जिलाधिकारी ने ये भी कहा कि कोर्ट के निर्देश पर कमीशन की कार्यवाही 15 मई को फिर से सुबह 8 बजे से की जाएगी. इससे पहले सर्वे के लिए मस्जिद परिसर में दाखिल हुए सभी लोगों के मोबाइल फोन पहले ही जमा करा लिए गए थे. ज्ञानवापी मस्जिद में पहुंचते ही एडवोकेट कमिश्नर ने तहखाने का सर्वेक्षण शुरू कर दिया.



# फिल कोल कम्पनी के गुर्गो ने पुलिस पर किया हमला तीन गिरफ्तार मुख्य आरोपी अभी भी फरार

**आखिर फिल कम्पनी गुंडों को क्यों पाल रही, इन गुंडों की पुलिस वेरिफिकेशन हुआ कि नहीं कम्पनी के मालिक पर शांति भंग करने का अपराध दर्ज हो**

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

### बिलासपुर इस समय अपराधियों का गढ़ बन गया है बाहरी तत्वों का जमावड़ा पुलिस वेरिफिकेशन नहीं होने का नतीजा ही है शहर एवं शहर से लगे थानों में अपराध ग्राफ बढ़ रहा है



आजकल कम्पनियां भी इन गुंडों का सहारा ले रही है जिससे शहर ही नही गांव की शांति भंग हो रही है फिल कम्पनी के ने भी यही किया जब इन गुर्गों को काम में रखा पुलिस वेरिफिकेशन कराया कि नही उस पर जांच होनी चाहिए और फिल कम्पनी के मालिक पर भी अपराध दर्ज किया जाना चाहिए आजकल कम्पनियां गुंडे पाल रही है इसकी भी जांच हो आखिर इनके शह में कितने अपराधी पल रहे है।

रतनपुर थाने अंतर्गत अपराध क.245/ 22 धारा 186, 363, 332,427,147,148,149 भादवि 26,27 आर्म्स एक्ट पर पुलिस पर हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार जिनसे 2 कैम्पर,1 बोलेरो, 1 स्कार्पियो कुल 4 वाहन सहित घटना में प्रयुक्त हथियार जप्त जिसमे बुलेरो सीजी 10 एआर 6892 एवं स्कापियों क सीजीआई एफओ 2595 एवं केम्पर क्र. सीजी 0 बीजी1107 सीजी13 व्ही 1191 03 नग तलवार, 08 नग लाठी, 05 नग लोहे का राड शामिल है। मामला इस प्रकार से है, कि 02 मई 2022 की रात आरोपी विकास शर्मा उमेश सिंह और वाहन केम्पर क्र. सीजी 0 बीजी 1107 सवार अज्ञात आरोपियो द्वारा विपिन सिंह नामक व्यक्ति को रतनपुर के ढाबे में घुस कर मारपीट कर चोट पहुंचाये थे उक्त मामले में थाना रनतपुर में अपराध क्र 225/22 धारा 294,506,323,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश रतनपुर पुलिस द्वारा की जा रही थी इसी दौरान वाहन केम्पर क्र. सीजी 10 बीजी1107 सवार अज्ञात लोगो के द्वारा मुख्य मार्ग पर लगातार अपराध करने के संबंध में जानकारी पुलिस को मिल रही थी12 मई 2022 को थाना रतनपुर को सूचना मिली की रतनपुर महामाया मंदिर मैदान में एक बुलेरो एवं दो केम्पर वाहन में लगभग 12-15 हथियार से लैस व्यक्ति है जिनमे उक्त घटना म शामिल आरोपी भी थे। सूचना पर रतनपुर थाना की पुलिस टीम पेट्रोलिंग वाहन एवं निजी वाहन से मौक पर पहूची जहां वाहन बुलेरो एवं केम्पर सवार लोगों के द्वारा पुलिस कार्यवाही से बचने के। लिए डंडा, तलवार से पुलिस पर हमला कर भागने लगे फिलकोल कंपनी के बाउंसरो रॉकी सिंह, संदीप शर्मा, वीरभानु सिंह उर्फ वीरू, रविन्दर सिह,हितेश कुमार विकास शर्मा विकास कुमार भीम एव अन्य लोगों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर तीन आरोपियों को रतनपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है प्रकरण में जप्त वाहनों के स्वामीयो की संलिप्पता के संबंध में जांच की जा रही है।

### गिरफ्तार आरोपी

रॉकी सिंह पिता उमेश सिंह जाट उस 24 वर्ष निवासी महनेत थाना सदर जिला,भिवानी हरियाणा हामुकाम फिल कंपनी लोखडी कैप थाना कोनी जिला बिलासपुर, सदीप शर्मा पिता विजेन्द्र शर्मा उस 25 वर्ष निवासी हकिकत नगर जनता कॉलोनी जिला रोहतक हरियाणा हामुकाम फि ल कंपनी लोखटी कैप

*थाना कोनी जिला बिलासपुर, वीरमानु उर्फ बीरू सिंह चिंता जोगेन्द्र सिंह उस श वर्ष निवासी नारनोन थाना*

*नारनोन जिला हिसार हरियाणा हामुकाम फिल कंपनी लोखंडी कैप थाना कोनी जिला बिलासपुर।*

# पुलिस कप्तान थाना जयनगर का किया निरीक्षण,दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे

जोहार छत्तीसगढ़-सूरजपुर।




पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने थाना जयनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों व जवानों को कार्य के प्रति सजग रहने, सौपें गए कर्तव्यों का बेहतर ढंग से निर्वहन करने एवं आमजनता की समस्या शिकायतों का गंभीरता से लेते हुए जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक शनिवार को थाना जयनगर पहुंचे जहां उन्होंने थाने में अभिलेखों का निरीक्षण किया। रिकार्ड अवलोकन में सभी की स्थिति संतोषजनक पाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। लंबित मामलों को यथाशीघ्र निपटारा करने, वारंटियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने को कहा। उन्होंने कहा कि नागरिकों को पुलिस से आशा रहती है कि उनके समस्याओं का त्वरित निराकरण हो इस दिशा में तत्परता व संवेदनशीलता से कार्य किए जाने, थाने में फरियाद लेकर आने वाले सभी नागरिकों की समस्याओं को शालीनतापूर्वक सुनने एवं जल्द निराकरण करने कहा। इस दौरान थाना प्रभारी जयनगर सुभाष कुजूर व पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### हर एक नागरिक की जान कीमती, सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता के साथ कार्यवाही के निर्देश

आकस्मिक निरीक्षण में थाना पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्यवाही के साथ ही हेलमेल पहनने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि हमारे लिए हर एक नागरिक की जान कीमती है, इसी उद्धेश्य को लेकर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की समझाईश एवं नियमों के उल्लघंन पर कार्यवाही करें। एनएच 43 पर हाईवे पेट्रोलिंग वाहन को मुस्तैदी से नियमित पेट्रोलिंग कराने, घटना.दुर्घटना की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर आहतों को त्वरित सहायता पहुंचाते हुए नजदीक के अस्पताल ले जाने के निर्देश दिए।

# 10 वीं-12वीं का रिजल्ट आउट

### मुकाबले में छात्रों को पीछे छोड़ फिर आगे निकली छात्राएं

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

माशिमं ने आज 10-12 वीं बोर्ड के वार्षिक परीक्षा परिणामों की घोषणा की है। जिसमें कक्षा 10वीं में जिले से 7 विद्यार्थियों ने टॉप 10 की सूची में जगह बनाई है। वहीं कक्षा 12वीं से जिले के एक विद्यार्थी ने प्रदेश में 17 वां रैंक हासिल किया है। दोनों ही बोर्ड परीक्षाओं में छात्राओं ने एक बार फिर से बाजी मारी है। कक्षा 10वीं की टॉप 10 सूची में 6 छात्राओं ने अपनी जगह बनाई है। जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं में जिले के सरायपाली ब्लॉक स्थित केजी कान्वेंट स्कूल की मीनाक्षी प्रधान ने प्रदेश के टॉप 10 की सूची में तीसरा स्थान हासिल किया है। मीनाक्षी ने कुल 600 अंक में 588 अंक के साथ 98 प्रतिशत प्राप्त की है। इसी प्रकार सरायपाली ब्लॉक के एकलव्य इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा नैनसी पटेल ने 97.50 प्रतिशत के साथ 6 वां स्थान, नवजीवन मिशन हाईस्कूल तुमगांव के शुभम निषाद ने 97.33 प्रतिशत के साथ सातवां,



### जिले के आठ को मिलेगा मौका, हेलिकॉप्टर में सैर करने का

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गड़बेड़ा की पूजा सिन्हा ने 97 प्रतिशत और शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मोहदा की छात्रा भवानी पटेल ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर नौवां स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार इवास गुडलैंड मिशन इंग्लिश मीडियम स्कूल की महक अग्रवाल और सरायपाली एकलव्य इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रांची भोई ने 96.83 प्रतिशत दसवां स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12वीं से न्यू होलीफेथ स्कूल महासमुंद के जितेंद्र बरिहा ही मात्र एक छात्र है जिन्होंने 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में 17 वां रैंक हासिल किया है।

### डॉक्टर बनने की अकांक्षी है मीनाक्षी

कक्षा 10 वीं के प्रदेश की टॉ 10 की सूची में स्थान बनाने वाली मीनाक्षी डॉक्टर बनना चाहती है। मीनाक्षी अपने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता,नाना-नानी, छोटी बहन गीतांजली और स्कूल के गुरूजनों को दिया है। उन्होंने बताया कि टॉ 10 में आने के लिए वे प्रतिदिन 4.5 घंटे पढ़ाई करती थी। परीक्षा के दौरान व सुबह 4-6 बजे तक पढ़ाई करती थी। उनके पिता अनिल प्रधान पेशे से किसान और प्रिंटिंग व्यवसाय का कार्य करते है। वहीं माता स्वर्णा प्रधान गृहिणी है। छोटी बहन गीतांजली 8वीं की छात्रा है।

### परीक्षाफल प्रतिशत 10वीं का 76 और 12वीं का 83.09 फ ीसद

मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा सत्र 2021.22 में कक्षा 10वीं से कुल 14893 पंजीकृत थे। जिसमें 14275 ने परीक्षा दी और 10849 सफल हुए। इसमें प्रथम 5541, द्वितीय 4499 व 806 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कुल 533 विद्यार्थियों को पूरक की पात्रता मिली है। इस तरह परीक्षा परिणाम 76.01 फीसदी रहा। इसमें 81.15 छात्राएं और 69.91 छात्र शामिल है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं से कुल 11762 विद्यार्थी पंजीकृत थे जिसमें 11598 ने परीक्षा दी थी। जिनमें 9740 सफल हुए। इनमें प्रथम 3649, द्वितीय 5597 व 494 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कुल 1144 विद्यार्थियों को पूरक की पात्रता मिली है। इस तरह परीक्षा पीरणाम 83-97 फीसदी रहा। इनमें 85.98 छात्राएं और 8.46 फीसदी छात्र शामिल है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 10वीं.12वीं के परीक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को हेलिकॉप्टर में सैर कराने की गई घोषणा के अनुरूप जिले के आठ बच्चों को हेलिकॉप्टर में सैर करने का मौका मिलेगा। कक्षा 12वीं की मीनाक्षी सहित 10वीं के सात अन्य परीक्षार्थी शामिल है।

## ढपढप में गौठान निर्माण का दो सालों से मजदूरी भुगतान नहीं, किसान सभा ने सौंपा ज्ञापन

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत लॉक डाउन अवधि में भी ग्राम ढपढप में गौठान निर्माण कराया गया है, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी संबंधित ग्रामीण मजदूरों को मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। इस बात की शिकायत मजदूरों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेताओं के साथ जाकर कटघोरा एसडीएम कौशल प्रसाद तेंदुलकर से की है। शिकायत प्राप्त होने पर एसडीएम ने तुरंत सरपंच को मजदूरी भुगतान के मौखिक निर्देश दिए हैं। किसान सभा के जिला अध्यक्ष जवाहर सिंह कंवर ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अपनी गौठान योजना को राष्ट्रीय पहचान देने के लिए लॉकडाउन जैसे समय में भी ग्रामीण मजदूरों से कटघोरा जनपद के गांव-गांव में गौठान निर्माण का काम कराया गया है, लेकिन दो सालों बाद भी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विज्ञापन में अपने चहरे को चमकाने के लिए तो सरकार पैसा खर्च कर रही है, लेकिन वह मजदूरी भुगतान के लिए गंभीर नहीं है। ऐसा ही मामला ग्राम ढपढप का है, जहां रामायण सिंह, परमात्मा, समारू राम, नवीन, निर्देश कंवर, मोहन लाल एवं अन्य मजदूरों से गौठान निर्माण का कार्य कराया गया है।

## एक नजर

### निधन डॉ.रूपसिंग चंद्राकर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पटेवा क्षेत्र के समाजवादी नेता ग्राम रूमेकेल निवासी 78 वर्षीय डॉ. रूपसिंग चंद्राकर का एम्स में उपचार के दौरान शुक्रवार दोपहर करीब 2.30 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम रूमेकेल में किया गया। समाजवादी विचारधारा से प्रभावित डॉ. चंद्राकर अत्यंत मृदुभाषी, मिलनसार और सेवाभावी थे। 80.90 के दशक में महासमुंद के पत्रकारों से उनकी गहरी जान पहचान थी। तथा डॉ रूपसिंग के मध्यम से ही रायतुम सिरपुर क्षेत्र की खबरें महासमुंद में पत्रकारों तक प्रकाशन के लिए पहुंचती थी। स्व. डॉ रूपसिंग चंद्राकर संतोष चंद्राकर एवं डॉ रजनीश चंद्राकर के पिता थे। वे सिरपुर के गंधेश्वरनाथ मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्य भी थे। उनके निधन पर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष दाउलाल चंद्राकर व सदस्यों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है। नगर के वरिष्ठ पत्रकार मानिक गुप्ता, बाबूलाल साहू और सालिक राम कन्नौजे ने स्व. डॉ चंद्राकर को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### भाजपा किसान मोर्चा का 23 को धरना प्रदर्शन

राज्यपाल के नाम जिलाधीश को ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

किसानों को ऐच्छिक रूप से वर्मीकम्पोस्ट खरीदने की छूट हो और साथ ही मानक व गुणवत्ता युक्त होना चाहिए। हाल ही में जारी राजीव गांधी न्याय योजना के अंतिम किश्त जो 30 से 50 प्रतिशत की कटौती की गई है उसकी भरपाई की जाए। किसानों की रबी फसल की खरीदी 2500 रूपए क्विं की दर से तत्काल प्रारंभ किया जाए। चुनाव के समय जारी किए गए घोषणा पत्रानुसार पूर्व सरकार की लंबित 2 वर्षों के बोनस की राशि तत्काल जारी की जाये। किसानों के संपूर्ण खेतिहार रकबे का 15 क्विं के हिसाब से धान की खरीदी किया जाये। उक्त मांगों का आगामी 10 दिनों में निराकरण हेतु राज्य सरकार को निर्देशित करें अन्यथा भाजपा किसान मोर्चा द्वारा प्रदेश भर के सभी 2058 सहकारी समितियों में 23 मई को धरना प्रदर्शन करेगी। भाजपा जिला किसान मोर्चा द्वारा महामहिम राज्यपाल को संबोधित पत्र में उपरोक्त बातें कही गई है। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दुबे लाल साहू की अगुवाई में जिलाधीश को ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान प्रमुख रूप से किसान मोर्चा के प्रदेश सदस्य प्रेम चंद्राकर, जिला महामंत्री दिग्विजय साहू, हेमलाल चंद्राकर, भाजयुमो जिला महामंत्री दिनेश रूपरेला, किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी तुलसी यादव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष पूरन सबर और किसान मोर्चा के मण्डल उपाध्यक्ष हीरालाल साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

#### भूपेश की नीतियों से जनता दुविधा में

भाजपा नेता दुबेलाल साहू का कहना है कि लोकलुभावन वादे करके छत्तीसगढ़ में जबसे भूपेश की सरकार सत्ता में आई है, चुनावी वादों को पूरा करना तो दूर ऐसी-ऐसी नीति-नियम ला रहे हैं कि आम जनता दुविधा में पड़ जा रही है। इन्हीं में से एक है प्रति एकड़ 3 बोरी वर्मीकम्पोस्ट लेने की अनिवार्यता।

### 93 किलो गांजे के साथ दो तस्कर पकड़ाये

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले की पुलिस और गांजा तस्करों के बीच चल रही आंख मिचौली में दो तस्कर 93 किलो गांजे के साथ फिर धरे गये हैं। पड़ोसी राज्य उड़िसा के बरगढ़ जिला अंतर्गत झारबंद थाना क्षेत्र के ग्राम तोरला निवासी सत्यनंद बेहरा 21 वर्ष और विकास जगत 19 वर्ष सिल्वर रंग के डस्टर कार क्रमांक सीजी 6 बी 3475 में गांजा लोड कर रायपुर की ओर जा रहे थे। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 53 में नाकेबंदी की गई। गांजा परिवहन कर रही कार को रोकवाकर लताशी ली गई तो कार की डिक्की एवं पीछे सीट पर अगल-अगल बोरियों में 93 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है। आरोपियों के कब्जे से एक नग मोबाईल और 7 लाख रूपए किमती वाहन को भी जप्त कर नारकोटिक्स एक्ट की धारा 20 बी, के अंतर्गत कार्रवाई की गई हैं। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर, बलराम साहू, दरबारी राम तारम, सुनील चंद्रवंशी, तिलक साहू, अनिल बंजारे, सद्दाम सूरज कुर्रे, शामिल रहे।

### एरिया डॉमिनेशन के दौरान आईडी बम की चपेट में आया जवान, गंभीर रूप से घायल

**बीजापुर** । जिले के नेलसनार थाना क्षेत्र में एरिया डॉमिनेशन के लिए निकले जवान माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आ गए , इस घटना में सीएएफ का एक जवान गम्भीर रूप से घायल हो गया है । घायल जवान रामनाथ मौर्य का प्राथमिक उपचार नेलसनार स्वास्थ्य केंद्र में करने के बाद बेहतर उपचार के लिए दन्तेवाड़ा जिला अस्पताल भेज दिया गया है ।

**मिशन 40 डे का दिखा असर**

# बेहतर परिणाम के साथ राज्य में जिले की रैंकिंग टॉप टेन में, कलेक्टर ने बच्चों को दी शुभकामनाएं

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।

छत्तीसगढ़ बोर्ड के 10वीं और 12वीं के नतीजे 14 मई शनिवार को घोषित किये गए जिसमें कोरिया जिले के छात्र.छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अच्छे परिणाम दिए। जिले के बच्चों को परीक्षा की बेहतर एवं तनावरहित तैयार कराने के लिए जिले में चलाए गए मिशन 40 डे का बखूबी असर दिखा। इस वर्ष के परीक्षा परिणामों में कोरिया जिले की स्थिति बेहतर और मजबूत बनकर उभरी। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में बच्चों की विशेष तैयारी के लिए शिक्षा विभाग द्वारा मिशन 40 डे अभियान चलाया गया था जिसके तहत बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराने के साथ सम-समय पर उनके टेस्ट




भी लिए गए। परीक्षा के पूर्व और इसके दौरान बच्चों में तनाव को मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर शर्मा के निर्देश पर जिला स्तरीय अधिकारियों को स्कूलों में जाकर बच्चों से मुलाकात करने के निर्देश भी दिए गए थे। कलेक्टर शर्मा ने स्वयं भी बच्चों से मुलाकात कर उन्हें परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने के टिप्स दिये थे।

### मिशन 40 डे का दिखा असरए बेहतर परिणाम के साथ राज्य में जिले की रैंकिंग टॉप टेन में

वर्ष 2022 की परीक्षा में इस विशेष अभियान के सकारात्मक परिणाम देखने को मिले। वर्ष 2020 में, जहां हायर सेकंडरी यानी 12वीं की परीक्षा परिणाम में राज्य में जिले का स्थान 23वां रहा था। वहीं वर्ष 2022 में जिला चौथे स्थान के साथ टॉप 5 में शामिल हुआ। इसी तरह वर्ष 2020 में जहां, हाईस्कूल यानी 10वीं के परीक्षा परिणाम में राज्य में जिले का स्थान 19वां था, वहीं इस बार वर्ष 2022 में राज्य में जिले ने 8वां स्थान बनाते हुए टॉप टेन में जगह बनाई।

### हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में कोरिया जिले का नाम रोशन

छात्रा कुण् अंजिला कुशवाहा ने कक्षा 10वीं में 96.83 प्रतिशत के साथ प्रदेश की टॉप टेन सूची में 10वां रैंक हासिल कर जिले का मान बढ़ाया। कक्षा 12वीं की छात्रा कु. दिशा सोनी ने 92.20 प्रतिशत के साथ जिले में पहला स्थान हासिल किया है।

### राज्य और जिला के तुलनात्मक आंकड़े

वर्ष 2022 का राज्य का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 74.23 प्रतिशत कोरिया जिले का हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 80.75 प्रतिशत वर्ष 2022 का राज्य का हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम 79.30 प्रतिशत

कोरिया जिले का हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम 87.58 प्रतिशत।

# संसदीय सचिव एवं कलेक्टर की उपस्थिति में कुनकुरी के केराडीह एवं नारायणपुर में खण्ड स्तरीय जन चौपाल का हुआ आयोजन

**ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से निराकृत करने के दिए निर्देश**

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन व विधायक कुनकुरी यूडी मिंज एवं कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में कुनकुरी जनपद के ग्राम केराडीह एवं नारायणपुर में खण्ड स्तरीय जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुनकुरी रवि राही, जनपद सीईओ लोकहित भगत सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में संसदीय सचिव एवं कलेक्टर अग्रवाल द्वारा उपस्थित सभी ग्रामीणों को विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा



### लोगों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किया प्रेरित

कि शासन, प्रशासन सदैव आप सभी को लाभ पहुचाने के लिए प्रयासरत है।उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार निरंतर लोगों की परेशानियों को दूर करने एवं उन्हें आगे बढ़ाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजना संचालित की जा रही है। जिससे समाज के हर वर्ग का व्यक्ति योजना से लाभान्वित हो सके। जैविक खाद के उपयोग, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, धान के बदले अन्य फसल लेने सहित अन्य योजनाओं का बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। उन्होंने सभी ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान संसदीय सचिव मिंज एवं कलेक्टर अग्रवाल द्वारा ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई एवं ग्रामीणों की परेशानियों को गंभीरता से सुना गया। उन्होंने ग्रामीणों के पेयजलए विभिन्न प्रकार के पेंशन भुगतान, राजस्व प्रकरण जैसे अन्य समस्याओं के त्वरित निराकरण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी सहित अनेक विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए स्टॉल लगाया गया। जहां ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से सुनते हुए उन्हें योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान कर योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया।

# अय्याशी का अड्डा बना सरायपाली का सरकारी अस्पताल

## आपरेशन थियेटर में सपड़ाया जोड़ा

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिले में सरायपाली स्थित स्व. मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओटी में कल गुरूवार को अपरान्ह 1 बजे एक संदिग्ध जोड़े कि संदिग्ध अवस्था में मिलने की खबर के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बीएमओ डॉ नारायण साहू द्वारा स्थानीय आरक्षी केंद्र में आवेदन देकर बताया कि सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ओटी में एक महिला और एक पुरूष संदिग्ध अवस्था में है।

सूचना पर पुलिस ने हास्पिटल स्टाफ के साथ आपरेशन थिटर का दरवाजा खुलवाया तो अंदर एक जोड़ा संदिग्ध अवस्था में मिला जो कि वे अस्पताल कर्मियों को देखकर असहज होते हुये कर्मियों से बहस करने लगा। जिसे लेकर बीएमओ ने पुलिस से आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इधर, शासकीय अस्पताल के भीतर ही इस तरह गैर शासकीय कार्य होने की सूचना फैलते ही तरह-तरह के सवाल खड़े हो रहे है। मामले में अस्पताल के कर्मचारियों की मिली भगत की भी बात सामने आ रही है। थाना से मिली जानकारी के अनुसार बीएमओ डॉ नारायण साहू की ओर से सूचना मिलते ही पुलिस की टीम तत्काल अस्पताल पहुंची। जहां ओटी में बाहर से ताला लगा हुआ था। वहां के कर्मचारियों की मौजूदगी में ओटी को खुलवाया गया तो भीतर शहर के एक होटल की संचालिका व एक संजय नाम का पुरूष मौजूद था। जिन्हें पुलिस ने गिरफ तार किया है। ओटी केवल आपरेशन के समय ही खोला जाता है। ऐसे में दो बाहरी व्यक्ति उसके अंदर कैसे पहुंचे इसे लेकर तरह तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं। यह भी जानकारी मिल रही है कि अस्पताल के कर्मचारियों के सांठगांठ से ही वे आपरेशन थिएटर का ताला खुलवाकर उसके अंदर गए होंगे। बाद पुनः बाहर से ताला लगा दिया गया होगा। इस तरह की घटना एक शासकीय अस्पताल के सामने आने से अंदेशा लगाया जा रहा है कि यहां पहले भी इस तरह के कार्य होते रहे होंगे। अस्पताल के कर्मचारियों की उपस्थिति के बावजूद इस प्रकार की घटना ने अस्पताल के अंदर के कारनामों की पोल खोलकर रख दी है। पुलिस ने बीएमओ के आवेदन पर दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 151,107, 116 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। इधर डॉ. नारायण साहू ने बताया कि आपरेशन थिएटर में कुछ लोग मौजूद होने और बाहर से ताला बंद होने की सूचना पर अप्रिय घटना का आभास हुआ और उन्होंने इसकी सूचना थाने में दी। पुलिस की मौजूदगी में ओटी का ताला खुलवाया गया तो एक जोड़ा संदिग्ध अवस्था में मिला। अस्पताल के कर्मचारियों की शह पर इस कार्य के होने के सवाल पर उन्होंने जांच की बात कहते हुए जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

### शाला में रासलीला, शिक्षिका सस्पेंड, प्राचार्य पर कार्यवाही की मांग

शिक्षा विभाग ने बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पतेरापाली स, प्राथमिक शाला में पदस्थ एक शिक्षिका को ग्रामीणों की शिकायत के बाद निलंबित कर दिया है। शिक्षिका और हाईस्कूल टेमरी में पदस्थ प्रभारी प्राचार्य पर शाला में अल कार्य करते हुए पाए जाने की शिकायत की थी। जिस पर विभाग ने संज्ञान लेते हुए शिक्षिका को 12 मार्च को निलंबित कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश में 29 अप्रैल को दिए हुए शिकायत पत्र का हवाला देते हुए कहा कि कार्यरत शिक्षिका और प्रभारी प्राचार्य द्वारा 11 मार्च 2022 को शाला के कक्ष का की थी लिखित शिकायत दरवाजा बंद कर अश्लील कृत्य करने की शिकायत ग्रामीणों ने की थी। ग्रामीणों ने शिकायत में उक्त कृत्य का वीडियो बनाए जाने का भी उल्लेख किया है। जिसके बाद मामले में शिक्षा विभाग ने उक्त शिक्षिका के उक्त कृत्य को उग सिविल सेवा आचरण निगम 1965 के नियम 3 के विपरीत कदाचार एवं गंभीर नैतिक पतन को श्रेणी, में मानते हुए उन्हें निलंबित करने आदेश जारी किया है ने मामले की शिकायत इससे पूर्व कलेक्टर महा जनचौपाल में की थी और बाद में शिकायत शिक्षा 10 विभाग से भी की भी। शनि 15 मामले के लिए जांच टीम गठित जिला शिक्षा अधिकारी एस चंद्रसेन ने बताया कि मामले में चार सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है। इसमें बागबाहरा बीईओ, एबीईओ और खलारी हाईस्कूल को महिला प्राचार्य और उक्त स्कूल में पदस्थ महिला व्याख्यता को जांच टीम में रखा गया है। उनके द्वारा मामले को जांच की जाएगी। का 10 जा प्रभारी प्राचार्य को भी निलंबित करने की मांग ग्रामीणों ने मामले में टेमरी में पदस्थ प्रभारी प्राचार्य को भी निलंबित करने की मांग की है। ग्रामीणों की मांग पर शिक्षा विभाग ने प्रभारी प्राचार्य पर कार्रवाई करने डीपीआई को क प्रस्ताव भेजा है।

## मन में हौसला और इच्छाशक्ति हो तो सफलता की मिलती हैं नई राहे

**राजनांदगांव** । मन में हौसला और इच्छाशक्ति हो तो सफ्लता की नई राहे खुलने लगती हैं। राजनांदगांव जिले के ग्राम बघेरा की श्रीमती मनीषा यादव की एक सफ्ल उद्यमी बनने की राहें खुली मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से। उन्होंने इस योजना से प्राप्त 1 लाख 65 हजार रूपए की राशि से अपनी एक रेडिमेड कपड़ों की दुकान खोल ली है। जिससे उन्हें प्रतिवर्ष 25 से 30 हजार की आमदनी हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना बहुत अच्छी है। इसके माध्यम से ऐसे युवा जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होती, उन्हें अपना व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए संबल और हिम्मत मिलती है। उन्होंने इस मदद के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को तहेदिल से धन्यवाद दिया। श्रीमती मनीषा यादव ने कहा कि राज्य आजीविका मिशन अंतर्गत बिहान से जुडने् के बाद उनके जीवन में परिवर्तन आया और उन्हें वहां मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार के संबंध में जानकारी मिली। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास हो तो सफ्लता मिलती है और आत्मविश्वास अच्छी शिक्षा से मिलती है। उन्होंने बताया कि वे अपने बेटे जयेश यादव को अच्छी शिक्षा देना चाहती है। इसके साथ ही अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहती हैं। उन्होंने अब तक 1 लाख रूपए का ऋण सफ्लतापूर्वक चुका दिया है। लाभ की राशि से रेडिमेड कपड़ों की दुकान के साथ फैंसी स्टोर्स भी खोल लिया है।

## एक नजर

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुनकुरी में शिक्षक पालक बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक यूडी मिंज, एवं कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में विगत दिवस 13 मई 2022 को कुनकुरी विकासखंड के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुनकुरी में शिक्षक एवं पालकों का बैठक आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम कुनकुरी रवि राही, जिला शिक्षा अधिकारी जेके प्रसाद, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कुनकुरी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुनकुरी के प्राचार्य, शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। विधायक यूडी मिंज ने कहा कि यह स्कूल बहुत पुराना है। 1946 से संचालित है जिसमें वे स्वयं भी पढ़ाई किए हैं। उन्होंने कहा कि वे इस स्कूल को छत्तीसगढ़ का बेस्ट स्कूल बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल को जर्जर स्थिति से आज अच्छे मुकाम पर पहुंचाया गया है। शिक्षक.प्राचार्य और छात्र मिलकर इसे एक अच्छा स्कूल बनाएं। उन्होंने कहा कि समर कैम्प में गार्डन विकसित करने, पेड़.पौधे लगाने ओर सुरक्षा पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि योग्य छात्रों को जिम्मा देकर पेड़ पौधे की सुरक्षा एवं देखभाल करावें। बैठक में बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सोने जाने के पूर्व यह सोचे कि आज क्या.क्या गलतियां हुईए समय बर्बाद किया या सदुपयोग किया। सफ्लता के लिए लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन से मेहनत करना जरूरी है। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने छात्र-छात्रों को पूछा कि स्कूल कैसा लग रहा है। जिसके जवाब में छात्र.छात्राओं एवं अभिभावकों ने कहा कि यह स्कूल बहुत अच्छा लग रहा है। वे बहुत खुश हैं। कलेक्टर ने कहा कि स्कूल को जिला का बेस्ट स्कूल बनाना है और प्राइवेट स्कूल से बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षक, छात्र और पालकों से बनता है सभी मिलकर स्कूल को सवारे। अतिरिक्त कक्षा संचालित करने पर जोर देते हुए कहा कि 16 मई से आयोजित समर कैम्प में अधिक से अधिक छात्र भाग ले। उन्होंने कहा कि स्कूल की सम्पति छात्रों की है और वे इसे संभालकर रखें, साफ सुथरा रखें। इस अवसर पर कुछ अभिभावकों ने कोचिंग सेंटर खोनले एवं हॉस्टल की मांग की। जिस पर विधायक एवं कलेक्टर ने पहल करने की बात कही।

### संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने जमावाड़ा 2 पंचायत में 10 लाख से अधिक के सीसी रोड का भूमिपूजन किया

**जगदलपुर** । विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव (नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग) रेखचंद जैन ने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमावाड़ा 2 में 10 लाख 6 हजार रुपए के सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया।

ग्राम पंचायत जमावाड़ा 2 में प्राथमिक शाला बड़े बादाम से लिटि घर तक 10 लाख 6 हजार रुपए की लागत से बनेगा 300 मीटर सीसी सड़क इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की मंशा अनुरूप हर ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है सड़क पुल पुलिया नाली निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है हमारी सरकार में गढबो नवा छत्तीसगढ़ की अवधारणा के अनूरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है पूर्ववर्ती सरकार में जहां विकास केवल शहरी क्षेत्रों में सिमट कर रह गया था आज अंदरुनी ग्रामो में भी विकास होता हुआ दिखाई देता है। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ जिला पंचायत सदस्य धरमुराम मंडावी जनपद पंचायत सदस्य अनिता पोयाम जनपद सदस्य एवं ब्लाक अध्यक्ष नीलू राम बघेल शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गौरनाथ नाग, हेमू उपाध्याय, सांसद प्रतिनिधि सुशील मौर्य, पार्षद सूर्या पाणी सरपंच नानगूर शांति बघेल सिडमुड सरपंच हरिबंधु नाग अलनार सरपंच राजेंद्र बघेल छोटे कवाली सरपंच विजय ध्रुव हाटपदमूर सरपंच मानसाय बघेल उलनार सरपंच वर्मा पुजारी मांझीगुडा सरपंच धरम बघेल लोकेश सेठिया उप सरपंच सोमा नाग नागलसर सीताराम सेठिया मांझीगुडा परगनिया मांझी सोमारू वरिष्ठ कांग्रेसी राधामोहन दास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नकली कट्टा लेकर घूम रहे व्यक्ति व धारदार गुप्ती लहराते युवक को रतनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



रतनपुर पुलिस को मुखबिर के से सुचना मिली की एक व्यक्ति बाजार में कटटा लेकर घुम रहा है मुखबिर से मिली सूचना पर 14 मई 022 को रतनपुर पुलिस के द्वारा रेड कर संदिग्ध व्यक्ति रमेश कुमार कुरै पिता बिरझु कुर्रे उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम मोहभठ्ठा थाना बिल्हा बिलासपुर छग को पकड़ा गया जो कमर में देशी कट्टा नुमा हथियार सहित मिला जिसे रतनपुर पुलिस के द्वारा चेक करने पर दिखावटी लोहे का कट्टा मिला रतनपुर पुलिस द्वारा दिखावटी कट्टा को जप्त कर रमेश कुमार कुर्रे के विरुद्ध प्रतिबंधक कार्यवाही की गई है। वही दूसरे मामले में रतनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लखराम में एक व्यक्ति गांव के चौक में धारदार गुप्ती लेकर घूम रहा था जिससे लोग भयभीत हो रहे थे। इस बीच मुखबिर में रतनपुर पुलिस को इसकी सूचना दी जिसके बाद रतनपुर पुलिस के द्वारा रेड कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार 14 मई 2022 को थाना रतनपुर को मुखबिर के से सुचना मिली की एक व्यक्ति ग्राम लखराम चौक में धारदार गुप्ती लेकर घूम रहा है जिससे लोग भयभीत है जिस पर पुलिस के द्वारा रेड कर परमेश्वर कुमार केवट पिता रामफ ल केवट उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम लखराम थाना रतनपुर को पकड कर आरोपी से कवर वाला धारदार लोहे गुप्ती जप्त कर परमेश्वर कुमार केवट के विरुद्ध आर्स एक्ट अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।

## नवजात बेटियों व आत्मनिर्भर बेटियों का स्वागत - जया कर

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।





बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बैनर तले आज मनेंद्रगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नवजात कन्याओं का आरती तिलक व पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। नवजात कन्या व पुत्र के माताओं को मां बनने की बाधाई दी व कपड़े, मिठाई उपहार स्वरूप दिया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका जया कर ने बताया कि बेटी किस्मत वालो के घर होती है और लक्ष्मी के रुप मे घर मे प्रवेश करती है। मोदी ने महिलाओं और बेटियों का सम्मान बढ़ाने के लिए हर तरह की योजनायें जारी कि है ताकि बेटियां आत्मनिर्भर बने, आत्मनिर्भर बेटियों के रुप में श्रीराम मंदिर के पास तीन बेटियां जो अपने पिता और भाई के साथ मिलकर गन्ने का रस निकाल कर बेचती है और पुरी जोश के साथ समाज में कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। इन तीनों बेटियों का भी सम्मान किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष फ ड़के के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर मोदी के नारे को लेकर विभिन्न कार्यक्रम का सफ्ल आयोजन हुआ जिसमे मुख्य रुप से जया कर, चंपा देवी पावले, कविता दिवान, डॉ. रश्मि सोनकर, महेश्वरी सिंह, आकाश दुआ, सरजू यादव, रामधुन जायसवाल, गौरव मिश्रा व विवेक तिवारी शामिल हुए।

## पुलिस पर हमला करने वाले मुख्य आरोपी विकास शर्मा को रतनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



पुलिस पर हमला करने वाले मुख्य आरोपी की पकड़ने में रतनपुर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी 12 मई 2022 को थाना रतनपुर पुलिस टीम पर हमला करने वाले आरोपियों के फरार सरगना को रॉयल हरियाणा बाउंसर के संचालक विकास शर्मा निवासी ग्राम बागीत थाना कनेना जिला महेंद्रगढ हरियाणा हालमुकाम चुचहियापारा हॉटल साई के पास थाना तोरवा जिला बिलासपुर, हिमांशु चौधरी निवासी निवाडी रोड मोदी नगर थाना मोदी नगर जिला गाजियाबाद उप्र हालमुकाम उस्लापुर थाना सकरी जिला बिलासपुर को एंटी काईम एवं सायबर युनिट बिलासपुर एवं थाना रतनपुर के पुलिस के द्वारा दिनांक 13 मई 2022 को रेड कर पकड़ा गया है। विदित हो की घटना के उपरात पुलिस को तीन आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली थी अन्य आरोपी फ रार हो गये थे घटना के तत्काल बाद पुलिस द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए वरिष्ट अधिकारी को निर्देशन में आरोपियों को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाड पर भेजा जा रहा है। आरोपी विकास शर्मा रॉयल हरियाणा बाउंसर नामक एजेंसी चलाता है और बाकायदा विजिटिंग कार्ड से लोगों से संपर्क करता है जिसमें हरियाणा के लोग आकर विभिन्न स्थानों पर बाउसर और गुंडा गर्दी का कार्य करते हैं। इनके पास इस तरह की इस तरह के कार्य करने के लिए कोई लाइसेंस भी नहीं है अन्य कई मामलों में विकास शर्मा के सलिप्यता की जांच की जा रही प्रयुक्त राड एवं डंडा, मोबाईल, लेपटॉप दो बोलेरो एक स्कॉर्पियों एक लोरी गाड़ी भी जप्त किया गया है अब देखना यह होगा या गाड़ी किस व्यक्ति के नाम पर है उसके ऊपर क्या कार्रवाई की जाएगी थाना प्रभारी यू एन साहू ने पत्रकारों चर्चा करते हुए कहा कि इस पूरे मामले में उपयोग किए गए 4 वाहन जप्त किए गए हैं जिसकी जांच की जा रही है वाहन मालिकों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## सेंदरी नये पुल से बिना खनिज जांच कोयला से भरी ट्रेलर का आवागमन शुरू

### कोनी तुर्काडीह में खनिज नाका लेकिन कोयला से भरी ट्रेलर सेंदरी पुल से निकल रही

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।

कोयला का खेल किसी से छुपा नहीं है। अवैध लोडिंग के साथ अवैध कोयला एवं खनिज का कारोबार को रोकने के लिए खनिज विभाग ने तुर्काडीह पुल में जांच चौकी बनाई थी जो खनिज से सम्बंधित सभी गाड़ियों को चैक करने का कार्य करती है।





और अवैध कार्य पर समय समय पर कार्यवाही करभी रही थी लेकिन अब ये इसको रोक पाने में खनिज जांच चौकी नाकाम हो रही है क्योंकि जांच चौकी तुर्काडीह पुल में है और खनिज, कोयले से भरी वाहन सेंदरी पुल से पास हो रहे हैं। इनकी न तो कोई जांच हो रही है और न ही किसी प्रकार की अवैध कार्यवाही इसके अलावा सरकार को राजस्व की हानि हो रही वो अलग। बिलासपुर जिस स्पीड से बढ़ रहा है उसी शहर के बाहर से हाइवे निकाले जा रहे हैं। रायपुर से कोरबा जाने वाला हाइवे अब तुर्काडीह होकर नही सेंदरी होकर जाएगा जो अभी पूरा बन भी नहीं है लेकिन उस पर हैवी ट्रेलर का आवागमन शुरू हो गया खासकर वो कोयले के ट्रेलर जा रहे हैं। जिनकी जांच भी नहीं हो पा रही क्योकि जांच चौकी तुर्काडीह ने ओर उसके पहले से ही ये कोयले के ट्रेलर बिना जांच निकल रहे हैं।

### जांच नहीं होने पर अवैध कारोबार फल फूल रहा

सेंदरी पुल पर खनिज जांच चौकी न होने पर इसका फ ायदा कोयले का अवैध कारोबार के साथ क्षमता से अधिक लोडिंग वाले वाहनों का आवागमन हो रहा है इन अवैध कारोबार करने वालो को अब किसी जांच चौकी का डर नही है क्योंकि इस रास्ते में कोई खनिज जांच चौकी नही है जिसका फायदा अवैध कारोबार करने वाले भरपूर उठा रहे है।

### खनिज अधिकारी कहना डीके मिश्रा

बिलासपुर खनिज अधिकारी मिश्रा का कहना है कि जांच चौकी को सेंदरी ट्रासंफ र करने प्रकिया की जा रही है बहुत जल्द ये कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा और विधिवत सभी खनिज वाहनों की जांच शुरू हो जाएगी।

## हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में कोरिया की बेटियों ने मारी बाजी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में कोरिया जिले में बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। दोनों ही बोर्ड परीक्षाओं में बेटियों ने बाजी मारी है। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन से समूचे कोरिया जिले में हर्ष की लहर है। सविप्रा उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो ने बेटियों को बधाई देते हुए कहा कि जहां बेटियां पढ़ेंगी वहां विकास भी बढ़ेगा। न्यू लाईफ इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल जनकपुर की कक्षा 10वीं की छात्रा अंजिला कुशवाहा पिता दुर्गा कुशवाहा माता सुनीता कुशवाहा ने 600 में से 581 अंक अर्जित कर 96.83 प्रतिशत अंकों के साथ कोरिया जिले में पहला और प्रदेश की टॉप टेन सूची में 10वां रैंक हासिल किया है। छात्रा ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरूजनों को दिया है। छात्रा अंजिला के पिता किराना व्यवसायी और माता गृहिणी है। माता.पिता की तमन्ना है कि उनकी बेटी पढ़ लिखकर एक दिन खूब नाम कमाए। छात्रा अंजिला ने कहा कि नीट क्वालिफाई कर एमबीबीएस करने के बाद डॉक्टर बनना चाहती है। उसने कहा कि वह डॉक्टर बनकर सुदूर वनांचल क्षेत्र में अपनी सेवा देना चाहती है। उसने कहा कि चिकित्सा सेवा में एक दिन खूब नाम कमाकर वह अपने माता-पिता का सपना जरूर साकार करेगी।



### सीए बनना चाहती है दिशा

शासकीय कन्या गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल मनेंद्रगढ़ कक्षा 12वीं की छात्रा दिशा सोनी पिता रामदास सोनी एवं माता रमा सोनी ने 92.20 अंक अर्जित कर हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में कोरिया जिले में पहला स्थान हासिल कर क्षेत्र एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया है। छात्रा दिशा सोनी के पिता प्राइवेट जॉब करते हैं वहीं बड़ा भाई सुधांशु सोनी कोचिंग सेंटर संचालक है। छात्रा ने अपनी सफलता का पहला श्रेय अपने भाई सुधांशु एवं इसके बाद अपने माता-पिता व गुरूजनों को दिया। छात्रा ने कहा कि भाई सुधांशु के द्वारा बोर्ड परीक्षा के लिए उसकी खासी तैयारी कराई गई थी। छात्रा दिशा ने कहा कि भविष्य में वह सीए बनना चाहती है और इसके लिए वह अभी से तैयारी में जुटी हुई है।

जोहार छत्तीसगढ़
धरमजयगढ़, रविवार 15 मई 2022

## करीना के बारे में पाकिस्तानी एक्ट्रेस ने कहा कुछ ऐसा कि हो गई ट्रोल



पाकिस्तानी एक्ट्रेस हिरा मणि इस समय सुर्ख़ियों का विषय बनी हुई हैं. जी दरअसल अदाकारा आए दिन सोशल मीडिया पर अपने लुक्स को लेकर जलवा बिखेरती नजर आती हैं. हर दिन उन्हें अलग-अलग अंदाज में देखा जाता है. कुछ समय पहले ही हिरा ने महज तीन महीने में 10 किलो वजन घटा लिया है. इसके बारे में उन्होंने सोशल मीडिया पर बातें की हैं. वहीं अब एक्ट्रेस का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इस वायरल हो रहे वीडियो में भी एक्ट्रेस हिरा मणि अपने वेट लॉस को लेकर बातें कर रही हैं. हालाँकि इस दौरान बातों-बातों में हिरा ने कुछ ऐसा बोल दिया, जिसकी वजह से उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है.जी दरअसल अपने वीडियो में एक्ट्रेस ने बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों के ऊपर तंज कसा है. इस लिस्ट में एक नाम सैफ अली खान की पत्नी करीना कपूर खान का भी है. आप सुन सकते हैं अपने वीडियो में एक्ट्रेस हिरा मणि कहती हैं कि पहले उनका वजन बहुत बढ़ गया था लेकिन उनके पति ने उनका पर्सनल ट्रेनर बनकर उनका वजन घटाने में उनकी खूब मदद की. आगे वह बताती हैं कि उनके पति उनके मोटापे को लेकर उन्हें ताने मारते थे. ताने मारने के साथ ही बॉलीवुड अभिनेत्रियों के उदाहरण भी देते थे. उन्हें ताने देते हुए उनके पति दीपिका, कैटरीना और करीना कपूर की पर्सनालिटी को लेकर बोलते थे और खुद को मेनटेन रखने के लिए कहते थे. हालाँकि इस पर एक्ट्रेस उनका जवाब देते हुए कहती थीं कि मेरे दो बच्चे हैं मैं दीपिका और बाकी एक्ट्रेस की तरह नहीं हूं. उनके इस बयान के बाद से लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं और करीना का नाम लेने के लिए भला-बुरा कह रहे हैं.

# शिल्पा शेट्टी ने तोडा फैंस का दिल, कहा अलविदा



बॉलीवुड में अपने अभिनय और अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर शिल्पा शेट्टी को लेकर एक बड़ी खबर आई है। वैसे शिल्पा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। जी हाँ, वह पर्सनल से लेकर प्रोफेशनल लाइफ तक के बारे में सोशल मीडिया पर फैंस को अपडेट देती रहती हैं। हालाँकि अब शिल्पा ने आज सोशल मीडिया पर ऐसा पोस्ट किया है कि उनके फैंस परेशान हो गए हैं। जी दरअसल शिल्पा ने ट्विटर पर एक फोटो शेयर की है जो पूरी ब्लैक है। आप देख सकते हैं इस ब्लैक फोटो के साथ शिल्पा ने ऐसा कैप्शन दिया है कि लोगों का दिल टूट गया है। जी दरअसल अदाकारा ने लिखा है, सब एक जैसी चीजों से बोर हो गई हूं। सब एक जैसा दिखता है। सोशल मीडिया से ब्रेक ले रही हूं जब तक की एक नया अवतार नहीं ढूंढ लेती। जी हाँ और शिल्पा ने इस पोस्ट के जरिए बताया है कि वह सोशल मीडिया से ब्रेक लेकर कुछ नया करने वाली हैं। आप सभी को बता दें कि शिल्पा ऐसे ही सोशल मीडिया से ब्रेक नहीं लेती हैं। जिस समय उनके पति राज कुंद्रा गिरफ्तार हुए थे, उस वक्त भी उन्होंने ऐसे ब्रेक नहीं लिया था। बल्कि वह सोशल मीडिया पर कुछ मैसेज जरूर शेयर करती थीं।

हालांकि राज ने वापस आने के बाद अपना सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट कर दिया था। शिल्पा के बारे में बात करें तो कुछ समय पहले उन्होंने बच्चों के साथ मदर्स डे पर वीडियो शेयर किया था। उस दौरान उन्होंने बेटे वियान और बेटी शमिशा के साथ क्यूट वीडियो शेयर किया था जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। उस वीडियो में शमिशा और वियान शिल्पा का मेकअप करते नजर आ रहे थे। काम के बारे में बात करें तो जल्द शिल्पा निकम्मा और सुखी में दिखाई देंगी।

# मिर्जापुर सीजन-3 से आया गुड्डू भईया का पहला लुक, इस बार नीचे से जूते और ऊपर से बंदूकें फायर होंगी




वेब सीरीज मिर्जापुर का पहला और दूसरा भाग सुपरहिट रहा था और इसके हर एक किरदार को फैंस का प्यार मिला। इस लिस्ट में मुन्ना भईया, कालिन और गुड्डू पंडित तक के किरदार शामिल है जिन सभी ने बवाल मचा दिया था। अब इन सभी के बीच हाल ही में इसके तीसरे भाग की घोषणा हुई है, जिसके बाद से ही फैंस में उत्साह और भी बढ़ गया है। जी हाँ और हर किसी को इसकी रिलीज डेट जानने का इंतजार है। इन सभी के बीच अली फजल ने मिर्जापुर 3 का क्रेज और बढ़ा दिया है।

उन्होंने अपने किरदार गुड्डू पंडित की एक तस्वीर शेयर की है। जी हाँ और अब फैंस उनकी तारीफ करते नहीं रुक रहे हैं। आप देख सकते हैं एक्टर अली फजल ने यानी गुड्डू भैया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक फोटो जारी की है। अली फजल ने जो फोटो शेयर की है वो फोटो ब्लैक एंड व्हाइट है और गुड्डू भैया काले घने अंधेरे कमरे में बैठे हुए हैं। इस फोटो में गुड्डू भैया के हाथ में बंदूक भी नजर आ रही है। इसी के साथ ही अली ने एक खास कैप्शन भी लिखा है- और शुरुआत हो गई है। प्रैप, रिहर्सल, रीडिंग।।। लाठी लक्कड़ नहीं, अब नीचे से जूते और ऊपर से बंदूकें फायर होंगी। लगाओ हाथ कमाओ कंताप। गुड्डू आ रहे हैं।।।

आप सभी को बया दें कि गुड्डू पंडित का ये अंदाज देखकर फैंस के होश उड़े हुए हैं और वह ख़ुशी जता रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ शो में गोलू का किरदार निभाने वाली श्वेता त्रिपाठी ने लिखा- इंतजार है। वहीं अली की प्रेमिका ऋचा चड्ढा ने हार्ट और किस वाली इमोजी पोस्ट की। आप सभी को बता दें एमेजॉन प्राइम ने हाल ही में मिर्जापुर के सीजन 3 की अनाउंसमेंट की है।

# पहले प्यार की याद दिलाता है लाल सिंह चड्ढा का नया गाना मैं की करां




मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा का इंतज़ार सभी को है। यह फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। जी हाँ और इस फिल्म के लिए आमिर खान और करीना कपूर जोर-शोर से प्रमोशन में व्यस्त हैं। बीते दिनों ही आमिर खान ने इस फिल्म को प्रमोट करने के लिए एक अनोखा तरीका निकाला था। जी दरअसल उन्होंने लाल सिंह चड्ढा की कहानियां नाम से पॉडकास्ट शुरू किया था, जिसमें आमिर इस फिल्म की शूटिंग के दौरान के किस्से बयां करते हैं। अब आज आमिर खान की इस फिल्म का गाना मैं की करां? रिलीज किया जा चुका है जो बहुत बेहतरीन है। बीते कई दिनों से आमिर खान प्रोडक्शन हाउस की तरफ से इस गाने के संबंध में लगातार जानकारी दी जा रही थी और अब गाने को रिलीज किया जा चुका है। आप सभी को बता दें कि लाल सिंह चड्ढा में काफी दिनों बाद एक बार फिर से आमिर खान के लिए सोनू निगम की आवाज सुनाई दी है। जी दरअसल सोनू निगम काफी लंबे समय के बाद किसी फिल्म में गाने के लिए अपनी आवाज दे रहे हैं। फिलहाल गाने के पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है- हमारी फिल्म लाल सिंह चड्ढा के गाने मैं की करां के गाने के लिए सोनू, प्रीतम और अमिताभ।।थैंक यू।

अभी कुछ दिन पहले लाल सिंह चड्ढा के मेकर्स ने इस गाने को लेकर एक छोटा सा हिंट दिया था। जी दरअसल उन्होंने सोशल मीडिया पर एक छोटी सी क्लिप शेयर की थी, जिसमें सोनू निगम और प्रीतम आमिर खान से गाने को संबंध में बात करते हैं। उस क्लिप मेंआमिर कहते हैं कि गाने से पहले अपने पहले प्यार को याद रखें।।जब आपको पहली बार प्यार हुआ तब आपकी उम्र क्या थी।।उस समय आपने कैसा महसूस किया था।।ये आपको उसी समय की याद दिलाएगा।

## तम्बाकू बिकता है, इसलिए इसका विज्ञापन होता है, गुटखा कंट्रोवर्सी पर सुनील शेट्टी का बयान



बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी इन दिनों अपने बयानों के चलते सुर्ख़ियों में बने हुए हैं। कुछ समय पहले ही उन्हें गुटखा विज्ञापन के कारण ट्रोल होना पड़ा, हालाँकि इसका जवाब भी सुनील शेट्टी ने बहुत बेबाकी के साथ सोशल मीडिया पर दिया था। अब इन सभी के बीच एक इवेंट के दौरान उन्होंने गुटखा विज्ञापन को लेकर अपनी राय जाहिर की है। जी दरअसल कुछ समय पहले सुनील शेट्टी को एक यूजर ने टैग करते हुए गुटखा किंग कह दिया था। अब उसी को लेकर उन्होंने रियल स्टेट के इवेंट के दौरान मीडिया से इस पर बात की है।

इस दौरान सुनील शेट्टी ने मीडिया के सामने कहा, तम्बाकू बिकता है। इसलिए इसका विज्ञापन होता है। जिनको इसका इस्तेमाल नहीं करना वह दूर रहते हैं। मैं भी दूर ही रहा हूं। फिल्म इंडस्ट्री में और भी बहुत कुछ होता है। जिससे मैं खुद को दूर ही रखता हूं। इसी के साथ उन्होंने आगे अपनी बात को रखते हुए कहा कि, मैं संत हूं। न मैं भगवान हूं। न ही संत हूं। बहुत सारी खामियां मुझमें भी हैं। इसलिए इन सब बातों पर कमेंट करना पसंद नहीं है मुझे। इसी के साथ सुनील शेट्टी ने आगे कहा कि, मेरे नाम से किसी ने ट्वीट कर कहा था कि आप भारत देश को बिगाड़ रहे हो। बच्चों को गलत सिखा रहे हो। कैंसर इंडिया बना रहे हो तो क्योंकि उसने चश्मा पहन रखा था। मैंने उससे कहा था कि बेटा चश्मा बदल दे या नंबर बदल ले। क्योंकि बेटा तुझे दिखाई नहीं दे रहा है। उस पोस्टर पर मैं नहीं हूं।

## खेल

# बैडमिंटन में भारत ने रचा इतिहास

### 73 साल में पहली बार थॉमस कप का खिताबी मुकाबला खेलेगी भारतीय टीम, रविवार को इंडोनेशिया से फाइनल



**थाईलैंड।** भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने इतिहास रच दिया है। हमारी टीम ने प्रतिष्ठित थॉमस कप टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल में भारत ने डेनमार्क को कड़े मुकाबले में 3-2 से हरा दिया। थॉमस कप का आयोजन 1949 से हो रहा है। यानी 73 साल में पहली बार भारतीय टीम खिताबी मुकाबला खेलेगी। आगे बढ़ने से पहले पोल में हिस्सा जरूर लें।

फाइनल में रविवार को इंडोनेशिया से भारत का मुकाबला होगा। सेमीफाइनल में पहुंचते ही भारत का मेडल पक्का हो गया था। भारतीय टीम पहली बार थॉमस या उबर कप में मेडल जीत रही है। महिला वर्ग में यह टूर्नामेंट उबर कप के नाम से खेला जाता है। भारतीय महिला टीम को क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड के खिलाफ 0-3 से हार झेलनी पड़ी थी।

### एचएस प्रणय ने निर्णायक मुकाबले में दिलाई जीत

थॉमस कप के मुकाबले बेस्ट ऑफ 5 फॉर्मेट में होते हैं। यानी दो देशों की टीमों को आपस में पांच मैच खेलने होते हैं। डेनमार्क के खिलाफ सेमीफाइनल में पहले चार मैचों के बाद दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर थीं। आखिरी मैच में भारत के एचएस प्रणय के सामने डेनमार्क की ओर से रासमुस गेमके थे। प्रणय ने यह मैच 1 घंटा, 13 मिनट में 13-21, 21-9, 21-12 से अपने नाम किया।

### पहले मैच में हारे थे लक्ष्य सेन

सेमीफाइनल का पहले मैच में भारत की ओर से लक्ष्य सेन उतरे थे। उन्हें विक्टर एक्सेलसन के खिलाफ 13-21, 13-21 से हार झेलनी पड़ी। यह मैच 49 मिनट तक चला। दूसरा मुकाबला डबल्स का था। इसमें सात्विक साईराज रेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने किम आस्त्रुप और मथियास क्रिस्टिएंसन को 1 घंटा, 18 मिनट में 21-18 21-23 22-20 से हरा दिया। तीसरा मुकाबला सिंगल्स का था। इसमें किदांबी श्रीकांत ने आंद्रेस एंटोनसन को 21-18 12-21 21-15 से हरा दिया। हालांकि, चौथे मैच में भारत को हार मिली। कृष्णा प्रसाद गर्ग और विष्णुवर्धन गौड़ की जोड़ी को आंद्रेस स्कारुप और फ्रेडरिक सोगार्ड की जोड़ी ने 14-21 13-21 से हरा दिया। इसके बाद आखिरी मैच में प्रणय ने जीत हासिल कर भारत को पहली बार फाइनल में पहुंचा दिया।

# मुम्बई ने चेन्नई को आईपीएल से बाहर किया

मुम्बई । प्लेऑफ की होड़ से बाहर हो चुके मुंबई इंडियंस ने अपने गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन से चेन्नई सुपरकिंग्स को आईपीएल मुकाबले में पांच विकेट से हराकर टूर्नामेंट से बाहर का दिया।

मुम्बई ने चेन्नई को 16 ओवर में मात्र 97 रन पर ढेर कर दिया और फिर 14.5 ओवर में पांच विकेट पर 103 रन बनाकर जीत अपने नाम की। मुम्बई की तरफ से डेनियल सैम्स ने 16 रन देकर तीन विकेट हासिल किये जबकि रायली मेरेडिथ और कुमार कार्तिकेय को दो-दो विकेट मिले ।जसप्रीत बुमराह और रमनदीप सिंह के हिस्से में एक-एक विकेट आया। डेनियल सैम्स प्लेयर ऑफ द मैच रहे। चेन्नई के लिए कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 33 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 36 रन बनाये। ड्वेन ब्रावो ने 12 और शिवम दुबे तथा अम्बाती रायुडू ने 10-10 रन का योगदान दिया। पहले ओवर में दो विकेट गिरने के बाद चेन्नई की टीम मुकाबले में नहीं लौट सकी। रोबिन उथप्पा दूसरे ओवर में तीसरे बल्लेबाज के रूप में पवेलियन लौटे।धोनी और ब्रावो के बीच सातवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी हुई। धोनी 16 वें ओवर की आखिरी गेंद पर रन लेने के लिए दौड़ पड़े जबकि विकेटकीपर ईशान किशन ने सीधे थ्रो से मुकेश चौधरी को रन आउट कर दिया।

## एक नजर

## जल्द जारी होगा इस साल का टूर्नामेंट कैलेंडर : अनुपम कुमरिया

### कहा,पंजाब बैडमिंटन एसोसिएशन खिलाडियों को देगी पूरा सहयोग



**जालंधर ।** पंजाब बैडमिंटन एसोसिएशन के नव-नियुक्त सचिव अनुपम कुमरिया ने वीरवार को स्थानीय रायज़ादा हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम का दौरा किया। उन्होंने स्टेडियम में ओलिंपियन दीपांकर बैडमिंटन अकादमी के खिलाड़ियों और कोचों से मुलाकात की। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि एसोसिएशन जल्द ही इस साल का टूर्नामेंट कैलेंडर जारी करेगी। उन्होंने कहा कि इस साल स्टेट टूर्नामेंट केवल उन्हीं स्टेडियम में करवाए जाएंगे जहां बढिया कोर्ट,लाइटिंग और वाशरूम आदि की सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन का पहला लक्ष्य खिलाड़ियों के लिए अधिक से अधिक टूर्नामेंट और ट्रेनिंग कैंप आयोजित करना है।

उन्होंने कहा कि एसोसिएशन ट्रेनिंग के लिए पूर्व अंतर-राष्ट्रीय खिलाडियों की भी मदद लेगी। कुमरिया ने रायज़ादा हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम में हुए कार्यों के लिए डीबीए सचिव एवं पूर्व राष्ट्रीय खिलाडी रितिन खन्ना को बधाई दी। उन्होंने कहा पंजाब बैडमिंटन एसोसिएशन खिलाडियों को देगी पूरा सहयोग। बता दें कि पंजाब बैडमिंटन एसोसिएशन के मैनेजमेंट को लेकर पिछले 2 सालों से पंजाब एवं हरयाणा हाई कोर्ट में केस चल रहा था,जिसका फैसला पिछले महीने कुमरिया धड़े के पक्ष में आया था। फैसले आने के बाद बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ने भी नई चुनी एग्जीक्यूटिव बॉडी को मान्यता दे दी है।

# 12वीं आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंचीं परवीन



**नयी दिल्ली ।** भारत की परवीन ने इस्तांबुल में शक्तिशाली प्रदर्शन के साथ एकतरफा अंदाज में यूक्रेन की मारिया बोवा को हराकर आईबीए महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के 12वें संस्करण में दूसरे दौर में प्रवेश किया। रोहतक की मुक्केबाज परवीन 63 किग्रा भार वर्ग के शुरुआती दौर के मुकाबले में पूरी तरह से हावी रहीं। परवीन ने शुरुआत से आक्रामक रुख बनाए रखा था। उन्होंने न केवल सटीकता से मुक्के बरसाए बल्कि अपने डिफेंस के बूते बोवा को हावी होने का मौका नहीं दिया।

परवीन ने तेज रिफ्लेक्स दिखाते हुए अपनी प्रतिद्वंद्वी पर कुछ करारे घूंसे मारे। उनके लगातार हमलों ने मारिया को सहज नहीं होने दिया और अंततः परवीन ने 5-0 के अंतर से जीत दर्ज की। अपने अभियान की प्रभावशाली शुरुआत के बाद परवीन रविवार को प्री-चार्टर फाइनल मुकाबले में पूर्व यूथ ओलंपिक चैंपियन अमेरिका की जज़ैरा गोंज़ालेज़ से भिड़ेंगी। आज रात बाद में, निकहत जरीन सहित तीन अन्य भारतीय मुक्केबाज भी इस प्रतिष्ठित वैश्विक टूर्नामेंट में अपनी चुनौती शुरू करेंगी। इस टूर्नामेंट में इस साल दुनिया भर के 73 देशों के रिकॉर्ड 310 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं। 20 मई तक चलने वाला इस साल का आयोजन आईबीए महिला विश्व चैंपियनशिप की 20वी वर्षगांठ का प्रतीक है।

वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप

# एशियाई मेडलिस्ट पूजा रानी क्वार्टर फाइनल में पहुंची; ओलिंपिक मेडलिस्ट लवलीना का सफर समाप्त




**इस्तांबुल।** इस्तांबुल में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दो बार की एशियाई चैम्पियन भारत की पूजा रानी ने एकतरफा जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं, टोक्यो ओलिंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन (70 किग्रा) का सफर समाप्त हो गया। उन्हें प्री क्वार्टर फाइनल में फेयर चांस टीम की सिंडी नगाम्बा के हाथों 1-4 से हार मिली। पूजा ने 81 वेट कैटगिरी के प्री क्वार्टर फाइनल में हंगरी की तिमिया नागी को 5-0 से हराया। पूजा ने शुरू से ही सही मौकों का फायदा उठाते हुए पंच लगाए। पहले राउंड में उन्होंने सभी जजों को प्रभावित किया। दूसरे राउंड में भी पूजा ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और एक बार फिर पूरे अंकों के साथ आगे आईं।

पूजा सोमवार को क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की जेसिका बागले से भिड़ेंगी, जो बाई हासिल करके पहले ही अंतिम-8 में पहुंच गई हैं। यह मुकाबला जीतकर पूजा देश के लिए कम से कम ब्रॉन्ज मेडल पक्का कर सकती हैं। शनिवार को भारत के दो मुकाबले होने हैं। 2017 वर्ल्ड युवा चैंपियन नीतू (48 किग्रा) और 2019 एशियाई चैंपियनशिप की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट मनीषा (57 किग्रा) इस दिन अपने-अपने प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेलेंगी।

## पूर्व इंग्लैंड क्रिकेटर ग्राहम थॉर्प की हालत गंभीर

**लंदन ।** इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज़ ग्राहम थॉर्प गंभीर रूप से बीमार हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंग्लैंड के प्रोफ़ेशनल क्रिकेटर्स एसोसिएशन (पीसीए) ने यह जानकारी दी।

52 वर्षीय थॉर्प ने 1993 से 2005 के बीच इंग्लैंड के लिए 100 टेस्ट खेले हैं और 44.66 के औसत और 16 शतक के साथ 6744 रन बनाए हैं। इंग्लैंड में लगभग एक दशक कोचिंग करने के बाद उन्हें हाल ही में अफ़ग़ानिस्तान पुरूष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच बनाया गया था। पीसीए ने थॉर्प के परिवार के अनुरोध पर एक प्रेस स्टेटमेंट जारी करते हुए कहा, वह गंभीर रूप से बीमार हैं और फ़िलहाल अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। हालांकि उन्हें अभी कौन सी बीमारी हुई है, उसका निदान नहीं हो पाया है। डायग्नोसिस चल रहा है। हम उनके और उनके परिवार के लिए प्रार्थना करते हैं और चाहते हैं कि परिवार को थोड़ी निजता भी दी जाए। थॉर्प के कॉउंटी क्लब सरे ने इस स्टेटमेंट में जोड़ा है, हमारी प्रार्थना थॉर्प और पूरे परिवार के साथ है। वह इंग्लिश क्रिकेट के आइकॉन हैं।

सीआरपीएफ जवानों को आईजी डांगी का फिटनेस मंत्र, आदत बना लें योग

# सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के एफओबी बिलासपुर का सीआरपीएफ जवानों के साथ योग दिवस काउंटडाउन कार्यक्रम

## बिलासपुर के आईजी रतनलाल डांगी रहे मुख्य अतिथि, सीआरपीएफ के डीआईजी एलएन मिश्रा ने की अध्यक्षता




**बिलासपुर ।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय लोकसंपर्क कार्यालय बिलासपुर द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव अंतरराष्ट्रीय योग दिवस काउंटडाउन के तहत 21 जून को मनाए जाने वाले योग दिवस के 39 दिन पूर्व भरनी स्थित समूह केंद्र, सीआरपीएफ बिलासपुर परेड ग्राउंड में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योग के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ कमिटमेंट से सम्मानित बिलासपुर रेंज के आईजी रतनलाल डांगी रहे। अध्यक्षता सीआरपीएफ बिलासपुर के डीआईजी एलएन मिश्रा ने की।

इस अवसर पर आईजी डांगी ने जवानों से योग के लाभ के बारे में प्रत्यक्षत संवाद करते हुए कहा कि बगैर निर्धारित समयावधि के अनवरत ड्यूटी वाले लोगों के मन और तन को स्वस्थ्य रखने का सबसे सही तरीक़ा है रोज योग करना। शरीर स्वस्थ्य रहेगा तो मन स्वस्थ्य रहेगा। उन्होंने कहा कि योग से मांसपेशियां पुष्ट होती है। शरीर तंदुरुस्त बनता है। इससे शरीर से फैट को भी कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि योग मानसिक खुराक की तरह है। इसलिए इसे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से करें ताकि तनाव से मुक्ति मिले। आईजी डांगी ने कहा योगाभ्यास केवल दिखावे के लिए नहीं किया जाना चाहिए। बल्कि इसे नियमित रुप से हर एक व्यक्ति को अपने जीवन में शामिल करना चाहिए। योग करने वाले व्यक्ति निरोग होते हैं। उन्होंने कोरोना काल का उदाहरण देते हुए कहा कि नियमित तौर पर योग करने वाले लोगों ने ज्यादा आसानी से कोरोना को मात दी। उन्होंने जवान व उनके परिवार के सदस्यों को नियमित तौर पर योग करने के लाभों से अवगत कराया। अध्यक्षीय संबोधन में सीआरपीएफ बिलासपुर के डीआईजी एलएन मिश्रा ने कहा कि योग के महत्व को समझते हुए सीआरपीएफ जवानों को एक दिन पीटी तो दूसरे दिन योगाभ्यास कराया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे सभी लोगों से योग के व्यापक प्रचार-प्रसार का आह्वान किया। डीआईजी ने कहा कि योग का किसी धर्म-संप्रदाय से कोई लेना-देना नहीं है। यह शरीर को फिट रखने का एक माध्यम मात्र है। इसकी इन्हीं विशेषताओं के कारण पूरा विश्व योग को अपना रहा है।

इससे पूर्व सभी अतिथियों के स्वागत व कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी डॉ. प्रेम कुमार ने डाला। सभी अतिथियों को स्वागत किया व कार्यक्रम के अंत में प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संयोजन में सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट कृपा कंवर व मयंक डनसेना का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के तहत विविध प्रकार की जागरूकता प्रतियोगिता आयोजित की गई। योगाचार्य सत्यम तिवारी व खिलेश्वरी साहू के मार्गदर्शन में कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत सामूहिक योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ एफपीए केवी गिरी ने किया। कार्यक्रम में सीआरपीएफ जवान, उनके परिवार के सदस्य, बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं समेत एनएसएस व एनवायकेएस वॉलेंटियर्स की सहभागिता रही।

### कमांडेंट ने कविता से समझाया महत्व -

समूह केंद्र बिलासपुर के कमांडेंट रामबिलास गुप्ता ने आभार प्रकट करने के लिए अनोखा माध्यम अपनाया। उन्होंने स्वरचित कविता 'योग है बहुपयोगी' के माध्यम से लोगों को योग का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि जिस दिन लोग योग के महत्व को मान योग को आत्मसात कर लेंगे विविध प्रकार की बीमारियां ऐसे ही रूक जाएंगी। उन्होंने काव्य शैली में ही सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। वहीं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पंजीकृत गीत-संगीत दल के कलाकारों ने गीत-संगीत से योग के महत्व के बारे में बताया।

### सिपाही गजेंद्र का योगाभ्यास रहा सबसे सुंदर -

इस अवसर पर सबसे सुंदर योगाभ्यास प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सिपाही गजेंद्र कुमार को पहला, नितिन कुमार को दूसरा व अजय कुमार को तीसरा स्थान मिला। चित्रकला प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में तान्या साहू को पहला, आर्यन को दूसरा व भूमिका साहू को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। सीनियर वर्ग में दीक्षा साहू ने बाजी मारी। दूसरे स्थान पर कामाक्षी साहू रही वही कौशल्या सैनी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। सभी विजेता प्रतिभागियों को आईजी रतनलाल डांगी व डीआईजी एलएन मिश्रा द्वारा पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किया गया।

नक्सलगढ़ की बेटी सोनाली बनी टॉपर

# डॉक्टर बनकर करना चाहती है लोगों की सेवा



**कांकेर ।** दसवीं बोर्ड के नतीजे आज आ गए हैं। कांकेर के धुर नक्सलगढ़ गोण्डाहुर की छात्रा सोनाली बाला ने 592 अंकों के साथ संयुक्त रूप से छत्तीसगढ़ में टॉप किया है। सोनाली गोण्डाहुर के शासकीय स्कूल की छात्रा है। सोनाली ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि अंदरूनी इलाका होने के कारण पढ़ाई में कई तरह की दिक्कतें आती थीं, ये ऐसा इलाका है जहां बिजली कभी भी गुल हो जाती है, ऐसे में पढ़ाई में भी खासी दिक्कतें आती थीं, सोनाली ने बताया कि उसके माता-पिता और स्कूल के शिक्षकों का विशेष योगदान रहा, तब जाकर उन्हें यह मुकाम मिला है। सोनाली 11वी में बायोलॉजी लेकर पढ़ाई करना चाहती है। साथ ही डॉक्टर बनकर अपने पिछड़े हुए क्षेत्र के लोगों की सेवा करना चाहती हैं।

# कलेक्टर ने गौरेला विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों का किया औचक निरीक्षण




**गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज जनपद पंचायत गौरेला के माध्यमिक शाला देवरगांव, प्राथमिक शाला सधवानी और ठाड़पथरा क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने माध्यमिक शाला देवरगांव में बच्चों के लिए व्यवस्थित रूप से शौचालय बनाए जाने तथा कार्यालयीन स्टॉफ के शौचालयों में नियमित साफ-सफाई रखे जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने प्रधान पाठक देवरगांव को स्कूल कैंपस को विकसित करने और बच्चों के लिए कबड्डी, बॉलीबाल तथा अन्य खेलों के मैदान तैयार करने के लिए योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। उन्होने शासकीय प्राथमिक शाला सधवानी में बच्चों के पढ़ने के लिए इजीएल सेंटर (पुस्कालय कक्ष) को रंगाई, पोताई तथा अन्य तरीकों से आकर्षक बनाए जाने कहा जिससे बच्चों को पढ़ने के लिए सकारात्मक वातावरण मिल सके।

इसके साथ ही उन्होने जिले में इकोटूरिज्म को बढ़ावा देने तथा पर्यटकों को प्राकृतिक आवास उपलब्ध कराने के लिए मिट्टी के घरों का निर्माण कराए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत गौरेला के मुख्य कार्य पालन अधिकारी श्री यशपाल सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी गौरेला श्री संजय वर्मा तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, सरपंच, सचिव आदि उपस्थित थे।

# 'ग्राम पंचायत चर्चेडी और कुदरी में प्रशासन आपके द्वार जनसंवाद शिविर का हुआ आयोजन




**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा पंचायत स्तर पर प्रशासन आपके द्वार जनसंवाद शिविर का आयोजन कर आमजन के समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद पंचायत मरवाही के चर्चेडी और जनपद पंचायत पेंड्रा के ग्राम पंचायत कुदरी में आज जनसंवाद शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत चर्चेडी मे आयोजित शिविर में कुल 87 आवेदन प्राप्त हुए इनमें से 34 आवेदनों का निराकरण शिविर स्थल पर किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत कुदरी मे आयोजित शिविर में विभिन्न आवेदनों का निराकरण किया गया इसके साथ ही शिविर में मरवाही विधायक डॉ के के ध्रुव द्वारा शिविर स्थल पर आवेदिका मीराबाई को जॉब कार्ड का वितरण किया गया। शेष आवेदनों का निराकरण संबंधित विभागों द्वारा शीघ्र ही किया जाएगा।

# प्रसव कक्ष में समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं होने पर इंचार्ज सिस्टर को चेतावनी

दो दिवस के अन्दर व्यवस्था दुरुस्त करने खण्ड चिकित्सा अधिकारी को निर्देश



**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र पैकरा ने प्रसव कक्ष में समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं होने पर इंचार्ज सिस्टर को चेतावनी दी है। उन्होंने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मरवाही का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रसव कक्ष, एक्स-रे कक्ष, मरीज भर्ती वार्ड एवं दवाई भण्डार कक्ष का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।प्रसव कक्ष में समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं होने एवं आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयां उपलब्ध नहीं होने पर इंचार्ज सिस्टर को चेतावनी दी गई। निरीक्षण के दौरान एक्स-रे रीजेंट उपलब्ध नहीं होने से एक्स-रे की सुविधा प्राप्त नहीं होने की जानकारी मरीज के परिजनों द्वारा दी गई। इस संबंध में एक्स-रे रीजेंट उपलब्ध कराने, सफाई व्यवस्था एवं अस्पताल प्रबंधन व्यवस्था को दो दिवस के अन्दर दुरुस्त करने के लिए खण्ड चिकित्सा अधिकारी मरवाही को निर्देशित किया गया।

## एक नजर

### भुनेश्वरी साहू को पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर ।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा बिलासपुर कुदुदंड निवासी भुनेश्वरी साहू को सूक्ष्मजीव विज्ञान में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य आइसोलेशन, कैरेक्टराइजेशन एंड एंटीबैक्टीरियल एक्टिविटी ऑफ सॉइल स्ट्रेप्टोमायसिस फ्रॉम राजनांदगावं डिस्ट्रिक्ट भिलाई के सैंट थॉमस कालेल रूआँबाँधा के सूक्ष्मजीव विज्ञान शोध केंद्र में डॉ. एम.जी. रॉइमोन के मार्गदर्शन में पूरा किया। भुनेश्वरी साहू जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त सहायक ग्रेड 1 श्री जीवन लाल साहू की पुत्रवधु व बैंकर श्री जय प्रकाश साहू की पत्नी है। इस उपलब्धि पर जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित प्राचार्य एवं स्टाफ मेंबर्स ने श्रीमती भुनेश्वरी साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### आईटीआई कोनी में कैम्पस का आयोजन 18 मई को

**बिलासपुर ।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कोनी में 18 मई 2022 को विभिन्न व्यवसायों के लिए कैम्पस का आयोजन किया जा रहा है। कैम्पस में प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीओई (ऑटोमोबाईल), फिटर, मोटर मैकेनिक, वेल्डर, मशीनिष्ट, इलेक्ट्रिशियन, टूल एण्ड डाई मेकर, टर्नर, डीजल मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल के वर्ष 2017 से वर्ष 2021 के बीच उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं। ऐसे प्रशिक्षणार्थी जिनकी आयु 18 से 23 वर्ष के मध्य है, 10 वीं में न्यूनतम 50 प्रतिशत एवं आईटीआई में न्यूनतम 60 प्रतिशत है। वे 18 मई को सुबह 10 बजे 10वीं, 12वीं, आईटीआई, पेन कार्ड, आधार कार्ड की मूल एवं दो छायाप्रति, वर्तमान पासपोर्ट फोटो की 3 प्रति के साथ उपस्थित हो सकते है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन 18 मई तक

**बिलासपुर ।** विकासखण्ड बिल्हा के ग्राम नगाराडीह में आंगनबाड़ी सहायिका के एक रिक्त पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये थे। आवेदन कम प्राप्त हाने की स्थिति में आवेदन की तिथि बढ़ाते हुए आवेदन की तिथि 18 मई तक कर दी गई है। प्रकाशित सूची कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बिल्हा एवं कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बिल्हा के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। इच्छुक उम्मीदवार कार्यालय में कार्यालयीन समय में आवेदन कर सकते है।

### बिल्हा बीएमओ समेत 26 गायब भड़के सीएमएचओ

**बिलासपुर ।** सीएमएचओ डा. प्रमोद महाजन के औचक निरीक्षण में बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ब्लाक मेडिकल आफिसर ही ढाई घंटे से नदारद मिलीं। जब सीएमएचओ अस्पताल पहुंचे तो तीन डाक्टर और 22 कर्मी भी नहीं पहुंचे थे। ऐसे में वे भड़क गए और तत्काल बीएमओ को तलब करते हुए उनके समेत सभी 26 को नोटिस थमाकर एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया। सीएमएचओ डा. प्रमोद महाजन इन दिनों स्वास्थ्य महकमा को पटरी पर लाने के काम में जुट गए हैं। शहरी क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाले सरकारी अस्पताल का दौरा कर रहे हैं। जहां पर कमियां मिलने पर तत्काल सुधार कार्य शुरू करवा रहे हैं। साथ ही लापरवाही करने वाले अधिकारियों, चिकित्सक व अन्य कर्मचरियों के खिलाफ भी कार्रवाई कर रहे हैं। इसी के तहत शुक्रवार की सुबह 11 बजकर 36 मिनट में वे बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। वहां सुबह नौ बजे से ओपीडी संचालित हो रहा था, लेकिन इस दौरान केंद्र की बीएमओ डा. शुभा गढ़ेवाल खुद ही गायब मिलीं। जानकारी लेने पर पता चला कि तीन डाक्टर ओपीडी में नहीं हैं। इसके अलावा नर्सिंग स्टाफ, वार्ड ब्वाय व अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मिलाकर 22 भी गायब थे। यह बात सामने आई कि ये अभी तक अस्पताल पहुंचे ही नहीं हैं। जबकि इन्हें सुबह नौ बजे से ड्यूटी पर रहना था। यह बात सुनकर डा. महाजन भड़क गए। इसके बाद उन्होंने बीएमओ डा. शुभा गढ़ेवाल को बुलवाया और उन्हें कारण बताओ नोटिस थमा दिया। साथ ही अन्य 25 को भी नोटिस दिया गया है। साथ ही इनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

**अब तक 150 से ज्यादा पर कार्रवाई** -सीएमएचओ डा. प्रमोद महाजन बीते 15 दिनों के भीतर लापरवाही करने वाले 150 से अधिक को नोटिस थमा चुके हैं। इसमें सीनियर से लेकर जूनियर डाक्टर तक शामिल हैं। लापरवाही करने वाले कर्मचारियों को भी नहीं छोड़ा जा रहा है। इससे पूरे स्वास्थ्य महकमा में हड़कंप मचा हुआ है।

बिल्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान अधिकारी, चिकित्सक, कर्मचारी मिलाकर 26 नदारत मिले हैं। उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया गया है। साथ ही एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं। अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**डा. प्रमोद महाजन, सीएमएचओ**

# दो सराफा कारोबारी गिरफ्तार

## लेन-देन में बेईमानी पड़ी भारी, अदालत ने जारी किया वारंट थाने ले आई रायपुर पुलिस

रायपुर। रायपुर की पुलिस ने दो सराफा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। मामला लेन-देन में गड़बड़ी से जुड़ा है। एक अन्य कारोबारी ने इनके खिलाफ स्न्ढ्ढक्रदर्ज करवाई थी। पुलिस ने जिन कारोबारियों को पकड़ा है इनके नाम मुकेश बदलानी और सुनील बदलानी हैं।



गोलबाजार थाने की पुलिस ने इन कारोबारियों को पकड़ा है। इन दोनों ने एक चेक दूसरे कारोबारी को दिया था। वो बाउंस हो गया। इसके बाद रकम देने के मामले में भी कारोबारी टाल मटोल कर रहे थे, इस वजह से इनके खिलाफ ये कार्रवाई की गई है। पुलिस को दोनों के खिलाफ न्यायालय से जारी हुआ वारंट मिला, इसी के आधार पर इन्हें गिरफ्तार किया है। मामला 3 लाख रुपए के लेन-देन से जुड़ा है।

### इधर सेलीब्रिटी क्रिकेटर की तलाश जारी

दो दिनों से रायपुर की पुलिस सेलीब्रिटी क्रिकेटर हरप्रीत को ढूंढ रही है। छत्तीसगढ़ रणजी क्रिकेट टीम के कप्तान व IPL खिलाड़ी हरप्रीत सिंह भाटिया पिछले कुछ दिनों से फरार है। उसका मोबाइल भी बंद है। इसलिए उसका पता लगाने के लिए रायपुर पुलिस उसके ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई कर रही है। शुक्रवार को हरप्रीत के भिलाई स्थित कुछ ठिकानों में दबिश दी गई, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला।

रायपुर की विधानसभा पुलिस ने एजी कार्यालय में लेखापाल की भर्ती में फर्जी दस्तावेज पेश कर नौकरी हासिल करने के मामले में हरप्रीत के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया है। विधानसभा पुलिस ने बताया कि एजी कार्यालय ने जांच के दौरान हरप्रीत के द्वारा जमा किए गए दस्तावेज फर्जी पाए गए। इससे उन्होंने विधानसभा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

# नि:शुल्क पशु उपचार शिविर संपन्न



**रायपुर।** मोबाइल इकाई संयुक्त संचालक रायपुर और पशु चिकित्सालय तिल्दा के द्वारा ग्राम तुलसी (मानपुर) में निशुल्क पशु उपचार शिविर का आयोजन रखा गया था इस पशु शिविर में ग्राम पंचायत तुलसी के अलावा आसपास के गांव के लोग भी पशुपालक आए थे और शिविर का लाभ उठाया इस शिविर में ग्राम पंचायत तुलसी के सरपंच श्री राजेश वर्मा उपस्थित थे साथ ही रायपुर से डॉ विक्रम पाठक डॉसंजीव राय डॉपूर्णा पटेल पशु चिकित्सालय तिल्दा से डा रामस्वरूप वर्मा सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी में शैलेंद्र टंडन लीना चंद्राकर मनीषा साहू अशोक कश्यप गिरवर वर्मा राजनारायण यादव उपस्थित रहा ।रायपुर से आए हुए डॉ विक्रम पाठक सर ने बताया कि हमे पशुओं की देखभाल रखरखाव विशेष रूप से करनी चाहिए समय-समय पर उन्हें कृमि नाशक देते रहना चाहिए दुधारू पशुओं को विशेष खानपान के साथ मिनरल केलुशियम प्रोटीन देते रहना चाहिए । डॉ संजीव राय ने बताया कि समय-समय पर हमें टीकाकरण सभी बीमारियों के लिए करवाते रहना चाहिए साथ ही बकरियों में भी प्रमुख बीमारियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। डा अर्पणा पटेल मेडम ने पशुपालकों को यूरिया द्वारा पैरा उपचार के बारे में बताया । पशु चिकित्सालय तिल्दा के डा रामस्वरूप वर्मा ने कहा कि आज हमे पशुओं के ऊपर ध्यान देने की ज़रूरत है हमारी संस्था की ओर से कृत्रिम गर्भाधान बधियाकरन समय समय पर सभी बीमारियों की रोकथाम के लिए टीकाकरण किया जाता है । डा वर्मा सर ने आए हुए सभी अधिकारी कर्मचारी और पशुपालक भाई को इस शिविर में आने के लिए और सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया । कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता चंद्रशेखर सिंह राजपूत ने बताया की हम अपने गाय भैंस जब भी हिट में आए गर्मी में आए तो उसमें गर्भाधान जरूर कराएं तभी नस्ल सुधार किया जा सकता है जिसे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी साथ ही बछड़ा पाड़ा का कैस्ट्रेशन होना जरूरी है तभी हम एक अच्छे बेल प्राप्त कर सकते हैं ।आज इस शिविर में निम्न उपचार किया गया जिनमे लाभान्वित ग्राम की संख्या 03 प्राथमिक उपचार 98 टीकाकरण 205 जू किलनी165 छिड़काव कृमिनाशक दवाई वितरण 72 सीरम सेंपल 05 बांझपन 02 ब्लड सैंपल 05 गोबर सेमफल 04 ब्लड स्लाइड 20 अंत में ग्राम पंचायत तुलसी के सरपंच श्री राजेश वर्मा जी ने आए हुए सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि हम सभी सौभाग्य शाली है जो गौ माता की सेवा हम सब को करनी चाहिए और आप सभी लोग यहां आकर निशुल्क उपचार कराए हमारे ग्राम तुलसी में आए हुए सभी कर्मचारी अधिकारियों और पशुपालकों को धन्यवाद ।

# नेशनल लोक अदालत में डेढ़ लाख से ज्यादा प्रकरणों का निराकरण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।


राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2022 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में मुख्य संरक्षक महोदय छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में आज नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाकर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गये हैं। उक्त लोक अदालत में प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त स्पेशल सिटिंग के माध्यम से भी पेटी ऑफेंस के प्रकरणों को निराकृत किये गये हैं।



समाचार लिखे जाने तक उक्त नेशनल लोक अदालत में आपसी सुलह समझौता के माध्यम से विभिन्न न्यायालयों से कुल 1,25,000 से अधिक प्रकरणों का निराकरण हो चुके है तथा आज दिनांक को आयोजित नेशनल लोक अदालत की समाप्ति तक लगभग 1,50,000 से अधिक प्रकरणों के निराकृत होने की संभावना बताई गई है। इसी प्रकार उपरोक्त नेशनल लोक अदालत में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में कुल 03 खण्डपीठों के द्वारा कुल 45 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 4870000/- रूपये का अवार्ड पारित किया गया।

नेशनल लोक अदालत, जो वर्चुअल एवं फिजिकल दोनों माध्यमों से जिला न्यायालय रायगढ़, तहसील न्यायालय सारंगढ़, घरघोड़ा, धरमजयगढ़ एवं खरसिया सहित राजस्व न्यायालयों में आयोजित किया गया। जिला मुख्यालय सहित तहसील स्थित सिविल न्यायालयों में गठित कुल 20 खण्डपीठों में लंबित प्रकरण 1745 एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरण 8163 को लोक अदालत में रखा गया, जिसमें से लंबित 1023 एवं प्रीलिटिगेशन 151 प्रकरण निराकृत हुये तथा राजस्व न्यायालयों में गठित 31 खण्डपीठों में कुल 1997 राजस्व संबंधी प्रीलिटिगेशन के प्रकरण निराकृत किये गये । इस प्रकार इस नेशनल लोक अदालत में कुल 3171 प्रकरणों का निराकरण किया गया और उन प्रकरणों के अंतर्गत कुल 3 करोड़ 39 लाख 89 हजार 229 रूपये का सेटलमेंट हुआ।

आज आयोजित नेशनल लोक अदालत का निरीक्षण न्यायमूर्ति श्री गौतम भादुड़ी कार्यपालक अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा न्यायमूर्ति श्री पी.सैम कोसी पोर्टाफोलियो जज, जिला न्यायालय बिलसपुर द्वारा किया गया। न्यायाधीशों द्वारा सभी खंडपीठो में उपस्थित पक्षकारों से चर्चा की गयी उन्हें समझाईश दिया गया तथा खंडपीठ के न्यायिक अधिकारियों, सदस्यों तथा अधिवक्ताओं से भी चर्चा की गई। श्री अशोक लाल अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर के न्यायालय में दुर्घटना के प्रकरण में आवेदिका फूलबाई को दस लाख बीस हजार रूपये का अवार्ड दिया गया। आवेदिका के पति भोपाल दुबे की दुर्घटना में 16 दिसम्बर 2020 में मृत्यु हो गई थी। मृतक की पत्नी फूलबाई लकवाग्रस्त हैं तथा चलने-फिरने में असमर्थ होने के कारण व्हीलचेयर में आज न्यायालय में उपस्थित हुईं। वहीं एक अन्य प्रकरण स्पेसिक परफार्मेंस का अपर जिला न्यायाधीश स्मिता रत्नावत के न्यायालय में लगभग 5 वर्षों से दो भाईयों राहुल तथा रोहित के बीच में लंबित था। अट्ठारह लाख के विवाद के उस प्रकरण में दोनों भाईयों के मध्य समझौता हुआ तथा विक्रयपत्र निष्पादन का अवार्ड पारित किया गया है।



न्यायालय द्वारा लगभग एक लाख दस हजार रूपये से अधिक के न्यायशुल्क के वापसी का अवार्ड पारित किया गया। लोक अदालत की एक अन्य खण्डपीठ में भाई एवं बहन के बीच में सम्पत्ति का विवाद काफी समय से चल रहा था, जिसे समझाईश के द्वारा निराकृत किया गया। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में पति व पत्नी के बीच में मारपीट का एक फौजदारी मामला भी लंबित था, जिसे दोनों पक्षों को समझाईश देकर निराकृत कराया गया। उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की उपस्थिति में पति ने पत्नी को बुके देकर प्रकरण में राजीनामा किया। इसी प्रकार कई प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य सुलह होने पर न्यायाधीश महोदयों द्वारा पक्षकारों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति श्री गौतम भादुड़ी ने कहा कि न्यायालयों में प्रकरण काफी लंबे तक साल दर साल चलते हैं और पक्षकारगण परेशान होते रहते हैं, समय एवं धन का भी नुकसान होता है। जबकि लोक अदालत में प्रकरणों का त्वरित निराकरण होता है, पक्षकारों के मध्य संबंध मधुर होते हैं धन की बचत होती है। न्यायमूर्ति श्री पी.सैम कोसी ने कहा कि प्रकरणों के निराकरण से दोनों पक्षकारों को फायदा पहुंचता है, जब एक प्रकरण निपटता है तो दो लोग लाभांवित होते हैं। लोक अदालत में सिविल प्रकरणों में निराकृत होने पर न्यायशुल्क वापसी की भी शासन द्वारा व्यवस्था की गई है। आज की स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएं) बिलासपुर में भी 11 प्रकरणों का निराकरण हुआ। कुमारी बनीता प्रधान एवं रॉयल गर्ल्स हॉस्टल गांधी चौक के मध्य सेवा की कमी का विवाद चल रहा था, जिसे हॉस्टल प्रबंधन द्वारा पांच हजार रूपये वापस कर प्रकरण का निराकरण कराया। तोषण कुमार अग्रवाल ने नगरपालिका निगम बिलासपुर के मध्य साफ -सफाई का विवाद था। आवेदक के आवेदन पर नगर-निगम द्वारा साफ सफाई कराई गई। इसी प्रकार हरीश चेलकर के विरूद्ध भी नगरनिगम के द्वारा पानी सप्लाई का मामला लंबित था, जिसे पर नगरनिगम द्वारा पानी की सप्लाई की व्यवस्था की गई। इसी प्रकार संगीता जेम्स तथा ईफ्को टोकियों इंश्योरेंस कंपनी के मध्य एक्टिवा चोरी होने के कारण बीमा की राशि तैईस हजार रूपये का बीमा का विवाद लंबित था, जिसे भुगतान करने के लिए कंपनी हीलहलावा किया जा रहा था। लोक अदालत ने तैईस हजार रूपये की राशि 12 प्रतिशत ब्याज की राशि भुगतान करने का आदेश दिया। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में डॉ.राहुल वर्मा तथा हासिम एच, हामीद के मध्य आवास और भू-सम्पदा से संबंधित एक मामला लंबित था, जिसमें उभयपक्षकारों के द्वारा समझौता सम्पन्न हुआ। आज सम्पन्न हुए लोक अदालत में 350 से ज्यादा खण्डपीठों का गठन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में दिवानी, फौजदारी, मोटर दुर्घटना, राजस्व, चेक बाउंस, पारिवारिक विवाद जैसे विषयों के प्रकरणों का निराकरण राजीनामा के माध्यम से किया गया।

एक नजर

## बारिश से पहले रायपुर-भिलाई का सफर होगा आसान

### ओवर ब्रिज का 70 प्रतिशत काम पूरा, शुरू हुआ लोहे की शीट हटाने का काम



**भिलाई।** भिलाई से लेकर रायपुर तक बन रहे 4 फ्लाई ओवर ब्रिज के चलते लोगों को NH में काफी परेशानी होती थी। अब यह परेशानी जल्द ही बड़ी राहत में तब्दील होने वाली है। एनएचएआई के मुताबिक बारिश से पहले सुपेला और कुम्हारी का ओवर ब्रिज का निर्माण पूरा हो जाएगा। इससे NH 53 से दुर्ग से रायपुर का सफर आसान हो जाएगा।

फ्लाई ओवर निर्माण के चलते नेशनल हाईवे की तंग सड़कों पर चलने वाले वाहन चालकों को जल्द ही राहत मिलने वाली है। कुम्हारी ओवर ब्रिज में पिलर और स्लैब कास्टिंग का काम पूरा हो चुका है। वहीं सुपेला फ्लाई ओवर में एप्रोच रोड और छोटे से भाग में स्लैब का काम होना बाकी है। पॉवर हाउस ओवर ब्रिज में पिलर का काम पूरा हो चुका है। रेलवे ओवर ब्रिज के ऊपर से गुजरने वाले इस फ्लाई ओवर ब्रिज के मध्य भाग में स्लैब कास्टिंग का काम होना बाकी है। जल्द ही इसे भी पूरा कर लिया जाएगा। ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह ने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पहले ही एनएचएआई के अधिकारियों से चर्चा की थी। उनका कहना है कि उन्हें फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण साल 2023 तक पूरा करना है, लेकिन सबकुछ ठीक से चला तो इसी साल 2022 तीनों फ्लाई ओवर ब्रिज को शुरू कर दिया जाएगा। सुपेला ओवर ब्रिज को मानसून आने से पहले शुरू करने का दावा किया जा रहा है।

फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण भले ही चल रहा हो, लेकिन जहां जहां स्लैब और कास्टिंग का काम हो गया है उसके नीचे बनाए गए लोहे की शीट के घेरे को ठेकेदार ने हटवाना शुरू कर दिया है। इससे वाहन चालकों को आने जाने के लिए चौड़ी रोड मिलने लगी है। अब वह ओवर ब्रिज के नीचे से आसानी से आ जा पा रहे हैं।

### सर्विस रोड की चौड़ाई बढ़ने से दुर्घटना की आशंका हुई कम

एनएच की जिस सर्विस रोड से वाहनों का आवागमन हो रहा है उसकी चौड़ाई काफी कम है। इससे यहां आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही थीं। अब लोहे की शीट हटने से सर्विस रोड की चौड़ाई बढ़ गई है। सुपेला और पॉवर हाउस फ्लाई ओवर ब्रिज के ब्रिज की एप्रोच रोड का काम चल रहा है। सर्विस रोड की चौड़ाई बढ़ जाने से अब यहां दुर्घटना की आशंका कम हो गई है। इसके साथ ही मौर्या चंद्रा के पास मार्केट में आने वाले लोग ब्रिज के नीचे वाहन पार्क कर पा रहे हैं।

## भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के तीन गांवों में लगा जनचौपाल

**कांकेर ।** जन समस्याओं के निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा गांवों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या व शिकायतें सुनी जा रही है तथा उनके निराकरण के लिए भी कार्यवाही भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम कोरर, भैसाकन्हार (क) और ग्राम केंवटी में जनचौपाल लगाया गया, जहॉ पर जिले के कलेक्टर चन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, वनमण्डलाधिकारी पूर्व भानुप्रतापपुर जाधव कृष्ण एवं पश्चिम भानुप्रतापपुर ससिगानंदन के., जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल तथा एसडीएम भानुप्रतापपुर जितेन्द्र यादव ने ग्रामीणों से रूबरू चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं की जानकारी ली और उसके निराकरण के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया, कुछ प्रकरणो में तत्काल कार्यवाही भी की गई। ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उन्होंने बिजली, पानी, राशन का वितरण एवं राशन कार्ड बनाने, राजस्व प्रकरणों का निराकरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की क्षतिपूर्ति राशि का वितरण, वनाधिकार मान्यता पत्रों का वितरण, सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत पेंशन का वितरण इत्यादि के संबंध में पूछताछ किया गया और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

ग्राम कोरर में आयोजित जनचौपाल में ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए उन्होंने जंजालीपारा, सेलेगांव के सतनामी पारा एवं चिल्हाटी के बड़ेपारा में पेयजल की समस्या को हल करने के निर्देश दिये।

पुलिस का एक्शन मोड

## फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन कर्मचारी से 20 हजार रुपए की लूट, दो आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र में जगदीशपुर ओवरब्रिज के पास फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन कर्मचारी से लूट का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल एक्शन मोड में आई और दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।



बसना थाना में पदस्थ निरीक्षक लेखराम ठाकुर ने बताया कि पटेवा थाना क्षेत्र के मानपुर निवासी मोरध्वज टंडन एक निजी फाइनेंस कंपनी के पिथौरा शाखा में कलेक्शन का काम करते हैं। 12 मई को वह ग्राम खेमड़ा व पदरडीह में कलेक्शन के लिए गया था। इन दोनों स्थानों से उसने 20650 रुपए की वसूली की और वापस पिथौरा जा रहा था।

इसी दौरान जगदीशपुर ओवरब्रिज के पास बुलेट क्रमांक सीजी 13 एपी 0120 में सवार दो युवक ने मोरध्वज को रोका।मोरध्वज के रुकते ही दोनों ने उसके साथ मारपीट करने लगे और बैग में रखे 20650 रुपए के साथ उसका मोबाइल लेकर फरार हो गए।

घटना के तत्काल बाद प्रार्थी बसना थाना पहुंचा और मामले की जानकारी दी। पुलिस ने तत्काल ही मामले में आईपीसी की धारा 341, 394, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई।

### बाइक नंबर से मिली आरोपी की जानकारी

प्रार्थी को बुलेट का नंबर याद था और उसने पुलिस को इसकी जानकारी दी। बाइक नंबर मिलते ही बसना पुलिस की टीम तत्काल एक्टिव हुई और आरोपियों की पतासाजी में जुट गई। इसी दौरान पता चला कि इस नंबर की बुलेट में बसना निवासी कमलु उर्फ कमलेश तथा अजय नायक को घूमते देखा गया है।

## कलेक्टर ने किया आंगनबाड़ी केन्द्र और स्वास्थ्य केन्द्र कोरर का आकस्मिक निरीक्षण

**कांकेर ।** जिले के कलेक्टर चन्दन कुमार ने आज शनिवार को भानुप्रतापतपुर विकासखण्ड के ग्राम कोरर, भैसाकन्हार(क) और ग्राम केंवटी में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी तथा समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु ग्रामीणों को भरोसा दिलाया। इस दौरान उनके द्वारा ग्राम कोरर के आंगनबाड़ी केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरर का अवलोकन करते हुए स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध मेडिसीन, डिलीवरी कक्ष, ड्रेसिंग रूम, ओपीडी कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, औषधि भंण्डार कक्ष और नेत्र जांच कक्ष इत्यादि का निरीक्षण किया तथा अस्पताल में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मेडिकल ऑफिसर को निर्देश दिये।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण पश्चात उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को खेल-खेल में अनौपचारिक शिक्षा की जानकारी ली, चित्रों के मामध्य से फल, फुल, पशु पक्षी इत्यादि की पहचान कराने के लिए कार्यकर्ता को समझाईश दी। बच्चों को पशु, पक्षी एवं फल का चित्र दिखाकर उसे पहचानने के लिए भी कहा तथा बच्चों के जवाब सुनकर वे बहुत खुश हुए। उन्होंने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत गर्भवती माताओं, कुपोषित बच्चो को पौष्टिक गर्म भोजन जैसे-कोदो का खिचड़ी, रागी का हलवा दिये जाने का जानकारी लिया।

## बीजापुर में IED ब्लास्ट :CAF का जवान घायल, दोनों पैरों के उड़े चिथड़े, रायपुर रेफर की तैयारी

### बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शनिवार को IED ब्लास्ट की चपेट में CAF का एक जवान आ गया। जवान गंभीर रूप से घायल हो गया है।



जवान का नाम रामनाथ मौर्य है जो CAF की 8वीं वाहिनी में पदस्थ था। जवान के दोनों पैर के चिथड़े उड़ गए हैं। जवान की स्थित बेहद गंभीर बनी हुई है। घायल को रायपुर रेफर करने की तैयारी की जा रही है। मामला जिले के बांगापाल थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार की सुबह CAF के जवान नेलसनार के हेमलापारा की तरफ एरिया डॉमिनेशन पर निकले थे। माओवादियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने इंद्रावती नदी के किनारे पहले से ही IED प्लांट कर रखी थी। एरिया डोमिनशन के दौरान इंद्रावती नदी के किनारे बंगोली घाट के पास जब जवान पहुंचे तो आरक्षक रामनाथ मौर्य का पैर IED के ऊपर आ गया, जिससे जोर का धमाका हुआ।

ब्लास्ट में जवान के दोनों पैर के चिथड़े उड़ गए। जिसके बाद साथी जवानों ने फौरन घायल को मौके से निकाल कर नेलसनार के अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जवान को रायपुर रेफर करने की तैयारी की जा रही है।

## नाबालिग बालिका को भगा ले जाने में सहयोगी आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

### लैलूंगा पुलिस द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी मदन सिदार पिता राजेंद्र सिंह सिदार उम्र 38 वर्ष निवासी दियागढ़ थाना लैलूंगा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

आरोपी अपने गांव के मानसिंह के साथ अभिलाल सिदार को नाबालिग को उसके घर से भगा ले जाने में सहयोग किया था। लैलूंगा पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी अभिलाल सिदार और मानसिंह को पहले ही गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था।



**मुख्य आरोपी सहित उसके एक सहयोगी को पहले ही भेजा गया जेल**

घटना के संबंध में पीड़ति बालिका के पिता द्वारा 11 मार्च 2021 को थाना लैलूंगा में उसकी नाबालिग बालिका को 8 मार्च 2021 के रात्रि अभिलाल सिदार द्वारा बहला फुसलाकर कहीं भगा ले जाने की शंका जाहिर कर रिपोर्ट दर्ज कराया गया था, रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 8 मार्च 2021 धारा 363 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर बालिका को आरोपी अभिलाल के कब्जे से दस्तयाब कर बालिका का कथन कराया गया। जिसमें बालिका बताई कि अभिलाल शादी का प्रलोभन देकर उसके दो साथी मानसिंह और मदन सिदार के साथ गांव से भगाकर सारंगढ़ ले गया था जहां अभिलाल सिदार जबरन शारीरिक संबंध बनाया।

प्रकरण में धारा 366, 376, 34 भादवि 4,6,8,12 पोक्सो एक्ट जोड़कर आरोपी मुख्य आरोपी अभिलाल सिदार तथा सहयोगी मानसिंह को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। आरोपी मदन सिदार पुलिस की पतासाजी की जानकारी पाकर गांव से फरार हो गया था और लुक छिप कर रह रहा था जिसे 12 मई 2022 को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## रायपुर की ज्वेलरी शॉप में आग

### दुकान बंद कर कारोबारी गए और दुकान में लग गई आग, तीसरे माले से उठी लपटें

**रायपुर।** रायपुर के सदर बाजार इलाके में शनिवार की रात हादसा हो गया। सराफा कारोबारी अपनी दुकान बंद कर लौट चुके थे और अचानक आग लग गई। घटना गोल बाजार से जुड़ने वाली सड़क के पास स्थित दुकान में हुई है। दमकल की दो गाड़ियां और पुलिस की टी मौके पर मौजूद है।

एहतियात के तौर पर आस-पास की बिजली काट दी गई है। आग बुझाने के लिए टीम मौके पर ऑपरेशन चला रही है। ये आग गौतम चंद गोलछा ज्वेलर्स शॉप में लगी है। आग की वजह से दुकान के फर्नचर वगैरह जलने की खबर है। सदर बाजार की सड़क पर जहां हादसा हुआ उस सड़क पर ट्रैफिक भी रोक दिया गया है। माना जा रहा है कि इस वक्त एक से दो घंटे आग पर काबू पाने में लग सकते हैं।

### हाल फिलहाल में बढ़ी




### ऐसी घटनाएं

पिछले रायपुर के पगारिया कॉम्प्लेक्स स्थित एक केबल नेटवर्क के न्यूज़ स्टूडियो में आग लग गई थी। इस हादसे में करीब 10 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। इस हादसे में करीब 7 करोड़ का नुकसान बताया जा रहा है। शहर के रजबंधा मैदान में भी पिछले सप्ताह इसी तरह की घटना हुई। एक कबाड़ की दुकान में कचरे में आग लगी, पास के ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी ने पास की कबाड़ की दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग ने तब तक पड़ोस के फूड स्टॉल को भी जलाया यहां फूड स्टॉल में मौजूद सिलेंडर में भी ब्लास्ट हुआ।

पिछले महीने रायपुर में कोटा इलाके में केमिकल फैक्ट्री में आग लग गई। यहां काफी मात्रा में ज्वलनशील केमिकल रखा था। अचानक लगी आग के बाद केमिकल सड़कों पर बहने लगा। बहते केमिकल के साथ लपटें भी बाहर आ गई। लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला। फैक्ट्री मालिक के खिलाफ केस भी दर्ज किया गया है।



# फिर दिखा हाथियों का दल ओंगना मार्ग हुआ बाधित, रेंजर एसडीओ समेत वन अमला रहा मौके पर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ क्षेत्र में सड़क किनारे फिर नजर आए 14 के दल में हाथी सुरक्षा की दृष्टि से कुछ देर के लिए प्रभावित ओंगना मार्ग को जाम कर दिया गया ताकि किसी तरह की नुकसानी न हो वहीं सूचना पर धरमजयगढ़ एसडीओ रेंज अफसर वनकर्मी एवं हाथी मित्रदल मौके पर उपस्थित रहे। धरमजयगढ़ रेंज अंतर्गत ओंगना मार्ग में शाम करीब 5 से 6 के बीच सड़क किनारे 14 हाथियों के दल को विचरण करते हुए देखा गया। जिसमे बताया जा रहा है नर मादा और 4 नन्हे हाथी शावक को मिलाकर 14 के समूह में हाथी मौजूद थे। आपको बता दें, ओंगना मार्ग में जैसे ही सड़क किनारे हाथी मौजूदगी की जानकारी विभाग को हुई उसके तुरंत बाद पूरा वन अमला हरकत में आ गया और सुरक्षा की दृष्टि से ओंगना मार्ग को कुछ देर के लिए बाधित कर दिया गया जब तक की हाथी सड़क पार कर जंगल की ओर नही चले गए। अंततः हाथियों का समूह कुछ देर बाद शांति पूर्वक ढंग से सड़क पार कर दर्रीडीह जंगल की ओर चले गए। हाथियों की दिशा के अनुरूप कयास लगाया जा रहा है हाथियों का दल रात्रि में डरीडीह तेंदुमार और खलबोरा ग्राम की ओर निकल सकते हैं लिहाजा सुरक्षा के मद्देनजर प्रभावित ग्रामों में हाथी आमद की जानकारी दी जा रही है ताकि हाथी से किसी प्रकार की अनहोनी घटना घटित न हो।

## एक नजर

### विधायक चक्रधर सिंह सिदार ने मेरिट में नाम बनाने वाले विद्यार्थियों को दी बधाई

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार ने 10वीं व 12 वीं के परीक्षा परिणामों में मेरिट लिस्ट में नाम बनाने वाले सभी सफल छात्रों को बधाई दी है। उन्होंने दसवीं की टॉपर सुमन पटेल और 12वीं की टॉपर कुंती साव को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं। लैलूंगा के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की छात्रा मुस्कान अग्रवाल को कक्षा 10वीं के मेरिट में दूसरा स्थान प्राप्त करने व प्रदेश के सभी आत्मानंद स्कूल्स में से 10 वीं की परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने के लिए बहुत बहुत-बधाई व शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही उन्होंने मेरिट लिस्ट में 5 वां स्थान बनाने वाली तमनार की रितु साव, 6वें स्थान पर आयी तमनार की ही नूपुर पटनायक और 8वां स्थान प्राप्त करने वाली बाँसपाली तमनार की एकता रानी साहू को भी विशेष रूप से बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इन सभी छात्राओं ने अपनी सफलता से पूरे क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। इससे भावी परीक्षार्थियों को प्रेरणा व विश्वास मिलेगा कि वे भी मेहनत कर ऐसी सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने सभी सफल छात्रों के साथ उनके परिजनों और शिक्षकों को भी बधाई दी है। उन्होंने साथ ही कहा कि ऐसे छात्र जिन्हें आशानुरूप सफलता नही मिली या जो असफल हुए हैं वे हिम्मत न हारें। बल्कि इस परिणाम से सीख लेते हुए दुगुने समर्पण से तैयारी में जुटे, उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी।

### नेहरू युवा केंद्र रायगढ़ द्वारा लैलूंगा ब्लॉक में तीन माह से चल रहे नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




नेहरू युवा केंद्र रायगढ़ द्वारा लैलूंगा ब्लॉक के कुंजारा में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महिलाओं के कौशल उन्नयन कार्यक्रम के तहत 25 युवाओं को चयनित कर प्रशिक्षणार्थी को तीन माह का नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण कराकर सर्टिफिकेट वितरण किया गया। रायगढ़ जिला के युवा अधिकारी चन्द्र भूषण चौबे के मार्गदर्शन एवं लैलूंगा ब्लॉक के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रमेश चौहान, चंदन पटेल के निर्देशानुसार नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण में चयनित सभी प्रशिक्षणार्थी को मार्कशीट एवं सर्टिफिकेट दिया गया। एकलव्य कम्प्यूटर एज्युकेशन के डायरेक्टर आशीष कुमार सिदार एवं कम्प्यूटर ट्रेनर ईश्वर खाम्हारी एवं राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक द्वारा सर्टिफिकेट वितरण कर तीन माह नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण को संपन्न किया। जिसमें युवाओं के लिए छोटा सा सेमिनार रखा गया था। जिसमें सभी प्रशिक्षणार्थी की उज्जवल भविष्य के लिए ईश्वर से कामना करते हुए उन्हें मार्गदर्शन किया। यह कम्प्यूटर प्रशिक्षण नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित निर्धन छात्र-छात्राओं के लिए था ताकि वे अपनी जिंदगी में कुछ कर सकें और आगे बढ़ सकें और कुछ लाइफ में रोजगार प्राप्त कर सकें हम सभी जानते हैं कि आजकल कम्प्यूटर इंटरनेट हमारे लिए कितना आवश्यक है। यह सभी युवाओं के लिए कितनी आवश्यक है ताकि आज की युवा पीढ़ी कुछ अपनी लाइफमें कुछ कर सकें सभी प्रशिक्षणार्थी ने बहुत अच्छे से तीन माह का नि:शुल्क कम्प्यूटर चला उसमें बहुत अच्छे से सिखाएं उसके लिए उन्होंने ने नेहरू युवा केंद्र एवं लैलूंगा के एकलव्य कम्प्यूटर एज्युकेशन को को धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे युवाओं के लिए कुछ अच्छे कार्यक्रम कराते रहे। ताकि भारत को डिजिटल इंडिया बना सके एवं सभी प्रशिक्षणार्थियों को स्वल्पाहार देकर कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न किया।

### राशन कार्ड में तत्काल नाम जुड़ने पर चित्ररेखा हुई गदगद

**कांकेर** । जिल प्रशासन द्वार भानुप्रतापुर विकासखण्ड के ग्राम केंवटी में जनचौपाल लगाया गया था, जहॉ पर कलेक्टर चन्दन कुमार द्वारा ग्रामीणों से उनकी समस्या व शिकायतों की जानकारी लिया जाकर उनके निराकरण के लिए कार्यवाही की गई। जनचौपाल के दौरान श्रीमती चित्ररेखा मर्रापी ने कलेक्टर से गुहार लगाते हुए कहा कि राशन कार्ड में उनका नाम नही जुडा है, अतः राशन कार्ड में नाम जुडवाया जावे।

## छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के 12वीं की टॉपर कुंती साव एवं 10वीं की टॉपर सुमन पटेल को सांसद गोमती साय ने दी बधाई

जोहार छत्तीसगढ़-फरसाबहार।



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित बारहवीं की परीक्षा में पुसौर की छात्रा सुश्री कुंती साव 98.20 प्रतिशत एवं दसवीं की परीक्षा में बरमकेला की छात्रा सुश्री सुमन पटेल 98.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य में टॉपर बनाने पर रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र सांसद गोमती साय ने फोन कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। तथा रायगढ़ एवं जशपुर जिले के मैरिट सूची में आने वाले छात्र छात्राओं के साथ उन सभी 10 वीं और 12वीं कक्षा के सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्र-छात्राओं से कहा कि आप इसी प्रकार से सफलता के नए आयाम स्थापित करें और प्रदेश देश का नाम रोशन करें। और जिन बच्चों को आशा अनुरूप परिणाम नहीं प्राप्त हुआ है वो आगे अच्छी मेहनत करें। क्योंकि मेहनत करने वालो की कभी हार नहीं होती है।

## कु.प्रियांशु पाठक ने लाहराया परचम

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के द्वारा कक्षा 10 वी बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पत्थलगांव की छात्रा कु. प्रियांशु पाठक पिता बालेंद्र प्रसाद पाठक ने हाई स्कूल कक्षा 10 वी बोर्ड परीक्षा के टॉप टेन सूची में 96.83ः अंक अर्जित कर एदसवां स्थान प्राप्त कर अपना वर्चस्व कायम कर विद्यालय का नाम रोशन की है उन्होंने अपना श्रेय विद्यालय के प्राचार्य, समस्त आचार्य,दीदी एवं माता पिता को दी है। विद्यालय सफलता का परिणाम सुनते ही, विद्यालय समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, मा मुरारी लाल अग्रवाल व्यवस्थापक जिला संघ चालक, एवं समिति के अन्य सदस्यों ने अच्छी सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। संस्था प्रमुख संतोष कुमार पाढ़ी समाचार सुनते ही बधाई देने के लिए छात्रा के घर पहुंचे। ब्लॉक, ग्राम व जिला में खुशी का माहोल व्याप्त है। जिला शिक्षा अधिकारी मा.जेके प्रसाद, बिकास खंड शिक्षा अधिकारी.डीआर भगत, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी एनएन छत्र के द्वारा भी बधाई दी गई।

## 10 लीटर कच्ची शराब के साथ युवक पकड़ाया

पुलिस कर रही जेल भेजने की तैयारी

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा के निर्देशानुसार एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में अनुविभाग क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने एवं बेचने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। धरमजयगढ़ पुलिस ने भी एक युवक को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ पकड़ा है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पीपरमार में कच्ची शराब बेचा जा रहा है। जिसपर पुलिस ने छापा मार कार्यवाही करते हुए युवक के पास से 10 लीटर कच्ची शराब जप्त किया है। दर्रापारा पीपरमार निवासी विकास अगरिया पिता भिखारीराम उम्र 25 वर्ष बेचने के लिए कच्ची शराब रखा था। जिसे पुलिस ने जप्त कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस युवक के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज आगे की कार्यवाही कर रही है। गिरफ्तार युवक को न्यायायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया जाएगा। आज की इस कार्यवाही में एएसआई टोप्पो, आरक्षक पुष्पेन्द्र सिदार, धनुजय बेहरा एवं ललीत राठिया की अहम भूमिका रही।

## कम कीमत पर उपलब्ध जैविक वर्मी कम्पोस्ट खाद के उपयोग से भूमि की बढ़ी उर्वरता

**राजनांदगांव** । कम कीमत पर उपलब्ध जैविक वर्मी कम्पोस्ट खाद के उपयोग से भूमि की उर्वरता बढ़ रही है। शासन द्वारा गौठानों में महिला समूहों को प्रोत्साहित कर गोधन न्याय योजनान्तर्गत निर्मित किये गये वर्मी कम्पोस्ट खाद न केवल चमत्कारिक गुणों से भरपूर है बल्कि हर कृषकों और हर खेतों तक पहुंच आसान हो इसलिए यह बहुत ही कम दर पर किसानों के लिए उपलब्ध है। गोधन न्याय योजना की शुरूवात होने के बाद गांव के गौठान में उच्चगुणवत्तायुक्त जैविक वर्मी खाद का निर्माण होने तथा सहकारी समितियों में आसानी से उपलब्ध होने के कारण किसान बड़ी मात्रा में वर्मी खाद का उपयोग कर रहे हैं। जिसकी गुणवत्ता का प्रत्यक्ष प्रमाण खेतों में खड़े फसल की उपज, कीट बीमारियों का कम प्रकोप और दानों मे चमक को देखकर किसानों के चेहरे पर आई मुस्कान है। मानपुर विकासखंड के गांव हथरा के सीमांत किसान कलीराम ने 2 हेक्टेयर में मक्का फसल प्रदर्शन में वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग किया, जिससे उत्पादन में वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि पहले रबी सीजन में फसलों से अधिक से अधिक पैदावार लेने के लिए रासायनिक खादों और तरह-तरह के दवाईयों का उपयोग किया जाता रहा है, क्योंकि भूमि की उर्वरता बढ़ाने के लिए और कोई विकल्प उपलब्ध नहीं था और बाजार में उपलब्ध जैविक खाद महंगे थे। लेकिन अब विगत वर्ष गोधन न्याय योजना के अंतर्गत कम कीमत में वर्मी कम्पोस्ट उपलब्ध हो रहा है। जिससे परिवर्तन आया है। डोंगरगढ़ विकासखंड के गांव नागतराई की लघु कृषक श्रीमती हीराबाई ने बताया कि 1 हेक्टेयर में मक्का फसल लगाई थी तथा वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करने से उत्पादन में बढ़ोत्तरी हुई।

## मंत्री अमरजीत भगत व सांसद गोमती साय एवं विधायकगण उरांव समाज के महासभा में करेंगे शिरकत

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।





18 गढ़ उरांव समाज का 39 वां महासभा कार्यक्रम स्थल ग्राम बीरसिंघा लैलूंगा, के हाई स्कूल प्रांगण में उरांव समाज की समाजिक जन चेतना एवं एकता व अखंडता स्थापित करने तथा समाज के सर्वांगीण विकास हेतु 15,16 मई 2022 दिन रविवार एवं सोमवार को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के विभिन्न राजनैतिक पार्टियों के नेता तथा कर्मचारी-अधिकारी, जनप्रतिनिधियों सहित 18 गढ़ उरांव समाज के पदाधिकारी व क्षेत्रीय सरपंच और उरांव समाज के समस्त प्रबुद्द जन, सगा बन्धु एवं भाई-बहिन हजारों की संख्या में कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। जहां अठ्ठारह गढ़ उरांव समाज के महासभा में मुख्य अतिथि अमरजीत भगत मंत्री खाद्य एवं नागरिक आपूर्ती व संस्कृती, छत्तीसगढ़ शासन तथा लच्छी राम उरांव सभापति 18 गढ़ उरांव समाज छत्तीसगढ़ एवं हिमगिर क्षेत्र उड़ीसा की आध्यक्षता एवं विशिष्ठ अतिथि रायगढ़ लोक सभा की सांसद गोमती साय तथा विधायक चक्रधर सिंह सिदार विधन सभा क्षेत्र लैलूंगा, प्रीतम राम भगत विधायक विधान सभा क्षेत्र लुंड्रा, विनय भगत विधायक जशपुर नगर, मोहित राम केरकेट्टा विधायक पाली-तानाखार, पनत राम भगत उप सभापति 18 गढ़ उरांव समाज, किरण पैंकरा अध्यक्ष जनपद पंचायत लैलूंगा,बसंती भगत सरपंच ग्राम पंचायत बीरसिंघा,मा. दुखसिंह भगत उरांव समाज सरपंच पूर्वी क्षेत्र, मा. भक्तुराम भगत उरांव समाज सरपंच पश्चिमी क्षेत्र के कर कमलों से 18 गढ़ उरांव समाज का महासभा भव्य शुभारम्भ होगा। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित उड़ीसा के हिमगिर क्षेत्र के विभिन्न गांव के समाजिक लोग तथा कार्यकर्तागण हजारों की संख्या में उपथित होंगे।

## कलेक्टर ने की जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा, निर्माण कार्य में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

जोहार छत्तीससगढ़-सूरजपुर।



कलेक्टर इफ्फत आरा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में चल रहे निर्माण कार्यों एवं जिले के प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई घोषणा एवं दिए गए निर्देश के संबंध में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, जल संसाधन विभाग, सेतु, गृह निर्माण मंडल, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं राष्ट्रीय राजमार्ग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सड़क, पुल पुलिया, भवन निर्माण के कार्य विभाग के चल रहे पूर्ण, अपूर्ण, प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य कर समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं उनका टेंडर प्रक्रिया की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जहां रोड खराब है उन्हें बरसात से पूर्व तक सही करने कहा है।

उन्होंने मुख्यमंत्री प्रवास के दौरान किए गए निर्माण कार्यों की घोषणा के स्थल का चयन कर प्रपोजल एवं एस्टीमेट बनाकर शासन को समय अवधि में भेजने सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नेशनल हाईवे 43 के निर्माण कार्यों की जानकारी ली तथा जिन स्थलों के लिए मुआवजा राशि वितरण किया जाना है समय अवधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ओडगी से बिहारपुर तक प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत बनाए जा रहे कार्यों की जानकारी लेकर गुणवत्ता की जांच कर समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दी। उन्होंने सभी शासकीय भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग लगाने निर्देशित किया तथा सभी अधिकारियों को शासकीय भवनों की सूची उपलब्ध कराने निर्देशित किया है। उन्होंने अधिकारी, कर्मचारियों के लिए आवास भवन विभिन्न ब्लॉकों में बन रहे हैं उन्हें शीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किया है जिससे अधिकारी एवं कर्मचारियों को सही समय में आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

## लैलूंगा की बेटी ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की वर्ष 2022 के परीक्षा में आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल लैलूंगा विकास खण्ड लैलूंगा जिला.रायगढ़ से कु. मुस्कान अग्रवाल पिता श्याम अग्रवाल ने हाई स्कूल परीक्षा। कक्षा.10वीं की परीक्षा में 98.17 प्रतिशत अंकों के साथ प्राविण्य सूची में पूरे छत्तीसगढ़ में टॉप टेन में 2 वां रैंक प्राप्त हुआ। यह विद्यालय के लिए उपलब्धि है। लैलूंगा की बेटी ने यह साबित कर दिखाया। मुस्कान के घर में लोगों का तांता लगा हुआ है। लोग अपने अपने ढंग से बेटी मुस्कान को बधाई और सुभकानाये दे रहे हैं।

## बायसी गांव में हवा तूफान से गिरा एलबेस्टर,ग्रामीण का पैर हुआ चोटिल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ क्षेत्र के बायसी गांव में बीते दिनों शाम को हुई अचानक हल्की बारिश व हवा तूफान से एक घर के छत का एलबेस्टर गिर गया। जिसमे वहीं मौजूद एक ग्रामीण का पैर गंभीर चोटिल हो गया जिसे इलाज के लिए धरमजयगढ़ सिविल अस्पताल लाया गया जहां घायल का उपचार किया गया है।



मिली जानकारी के मुताबिक बीते दिनों शाम को हुई हवाा तूफान में बायसी गांव निवासी आनंद राठिया उम्र तकरीबन 35 वर्ष घर के पास वहीं मौजूद था उसी दरमियान यकायक मौसम करवट ली और हल्की बारिश के साथ तेज हवा तूफान चलने लगी। जिससे उसके घर का एलबेस्टर उड़कर आनंद के पैर में आ गिरा और वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया। उसके दोनों पैर जख्मी हो गए बाद में कुछ लोगों की मदद से लहू लुहान स्थिति में उसे सिविल अस्पताल इलाज के लिए लाया गया जहां उसका उपचार किया गया । यहां बता दें,इस तरह अचानक आई प्राकृतिक आपदा के तहत फिलहाल एक बड़ी घटना जरूर टल गई है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in